संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -131 मंगलवार,14 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


# घरेलू विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा पाकिस्तान : विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट


» इस्लामाबाद ने 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने में अभी तक गंभीरता नहीं दिखाई है

» एमईए ने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत को बदनाम करने और अपनी घरेलू राजनीतिक और आर्थिक विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए शत्रुतापूर्ण और मनगढ़ंत प्रचार में लगा हुआ है...

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023(ए) ।** पाकिस्तान की भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की पुरानी आदत है। अक्सर पाक कुछ ना कुछ ऐसा करता है, जिसके चलते भारत को लेकर उसके ना- पाक इरादे सामने आते रहते हैं। वहीं सोमवार को विदेश मंत्रालय (स्ब्भ्र) ने एक रिपोर्ट सामने रखी, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान घरेलू विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है।

### आतंकवाद में नहीं आई कोई कमी : एमईए

ईएमआई 2022 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद में कोई कमी नहीं आई है। वहीं, इस्लामाबाद ने 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने में अभी तक गंभीरता नहीं दिखाई है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, भारत के लगातार आग्रह के बावजूद कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए अपनी मिट्टी या क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की अपनी जनवरी 2004 की प्रतिबद्धता का सम्मान



करता है, भारत में सीमा पार आतंकवाद, घुसपैठ और हथियारों की अवैध तस्करी में कोई कमी नहीं आई है। रिपोर्ट में कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है और नई दिल्ली की निरंतर स्थिति यह रही है कि आतंकवाद और हिंसा से मुक्त माहौल में यदि कोई मुद्दे हो, तो द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। साथ ही उसने कहा कि इस तरह के अनुकूल माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।

### जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने पूरी तरह से पाकिस्तान के सभी कार्यों और बयानों को खारिज कर दिया है, जो भारत के लिए पूरी तरह से आंतरिक हैं। इसमें आगे कहा गया है कि दोनों देशों के बीच एक बड़ी समझ है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इससे जुड़े मामले देश के आंतरिक हैं। साथ ही एमईए ने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत को बदनाम करने और अपनी घरेलू राजनीतिक और आर्थिक विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए शत्रुतापूर्ण और मनगढ़ंत प्रचार में लगा हुआ है।

### भारत पाकिस्तान के संबंधों पर विदेश मंत्रालय का बयान

विदेश मंत्रालय ने उल्लेख किया कि भारत लगातार द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर सीमा पार आतंकवाद और आतंकवादी घुसपैठ को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन का मुद्दा उठाता है। इस तरह के आउटरीच में, पकड़े गए आतंकवादियों के पाकिस्तानी मूल के बारे में विश्वसनीय जानकारी भी साझा की जाती है।% विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है।

# इस वजह से भाजपा ने बीएस येदियुरप्पा को लगाया किनारे

» सीएम बोम्मई मिली ईसीसी की कमान

**हैदराबाद ,13 मार्च 2023(ए) ।** कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री बासवाराज बोम्मई को भारतीय जनता पार्टी की प्रचार कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। पार्टी के करीबी सूत्र का करना है कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने यह कदम लिंगायत समुदाय पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के प्रभाव को कम करने के लिए किया है। पिछले कई दशक से येदियुरप्पा का लिंगायत समुदाय पर बड़ा व्यापक प्रभाव है, इसी प्रभाव को कम करने के लिए पार्टी ने यह कदम उठाया है।

आगामी चुनाव से पहले भाजपा ने प्रदेश में बड़ा संकेत देने की कोशिश की है। हालांकि इसके साथ ही पार्टी यह भी संकेत देने की कोशिश कर रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ येदियुरप्पा



प्रचार में अहम भूमिका निभाएंगे। हाल ही में कर्नाटक में अपने दौरे के दौरान अमित शाह ने कहा था कि मुझे पीएम मोदी और येदियुरप्पा में काफी भरोसा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को येदियुरप्पा के पूर्ण बहुमत के सपने को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश करनी चाहिए और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से केंद्रीय नेतृत्व ने येदियुरप्पा पर भरोसा जताया था उसके बाद लग रहा था कि येदियुरप्पा को प्रचार कमेटी की कमान सौंपी जाएगी। लेकिन पार्टी ने येदियुरप्पा की जगह बोम्मई को चुनाव प्रचार कमेटी की कमान सौंप दी।

### येदियुरप्पा के बेटे बने अड़चन

पार्टी के इस फैसले के बाद येदियुरप्पा खेमे में भ्रम और नाराजगी दोनों ही है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि बोम्मई प्राकृतिक पसंद हैं, उन्होंने खुद ही येदियुरप्पा की जगह ली है, येदियुरप्पा 80 साल से ऊपर की हैं। दरअसल पार्टी बोम्मई के के चयन से इस बात के भी संकेत मिलते हैं कि पार्टी के भीतर आरएसएस मुखिया बीएल संतोष येदियुरप्पा के समर्थन में नहीं हैं, वह पार्टी पर उनके नियंत्रण का विरोध कर रहे हैं। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि यह पार्टी के भीतर कोई खुफिया बात नहीं है कि बीएल संतोष और येदियुरप्पा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। आरएसएस खेमा पार्टी के नेतृत्व पर नियंत्रण रखना चाहता है, लेकिन वह यह भी जानते हैं कि येदियुरप्पा पार्टी के लिए काफी अहम हैं। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने जिस तरह से येदियुरप्पा की तारीफ की, उस बीच संघ ने यह बड़ा फैसला लेकर स्पष्ट कर दिया है कि वह इस पद पर अपने खेमे के नेता को चाहते हैं

# सीबीआई ने रेड क्रास की शाखाओं में भ्रष्टाचार की जांच की शुरू

» स्वास्थ्य मंत्रालय को मिली थी शिकायतें

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023(ए) ।** सीबीआइ ने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों पर चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में रेड क्रास सोसाइटी की क्षेत्रीय शाखाओं में जांच शुरू की है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को तमिलनाडु, केरल, असम, कर्नाटक और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में रेड क्रास सोसाइटी की क्षेत्रीय शाखाओं में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतें मिली थीं।

### भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मंजूरी देने का किया अनुरोध

मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि




तमिलनाडु में रेड क्रास सोसाइटी की शाखा के कामकाज में गंभीर आरोप राज्यपाल के संज्ञान में लाए गए थे और उसके बाद उन्होंने जुलाई 2020 में दिल्ली में रेड क्रास सोसाइटी के राष्ट्रीय मुख्यालय से भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मंजूरी देने का अनुरोध किया था ताकि सीबीआइ मामले की जांच कर सके।

मंत्रालय के अनुसार, तमिलनाडु शाखा के आरोपित अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने सीबीआइ जांच के खिलाफ चेन्नई में उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त कर लिया जिसे जून 2022 में हटा दिया गया। उसके बाद अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया और अब मामला सीबीआइ के पास है।

# स्टॉलिन ने की मध्य प्रदेश में केरल के छात्रों पर हमले की निंदा

» केंद्र सरकार से की हस्तक्षेप की मांग

**चेन्नई,13 मार्च 2023 (ए) ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोमवार को मध्य प्रदेश में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) में केरल के छात्रों पर संस्थान के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा कथित हमले की निंदा की। उन्होंने केंद्र से मामले में हस्तक्षेप करने और आवश्यक कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। गौरतलब है कि 10 मार्च को आईजीएनटीयू में सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा केरल के चार छात्रों के साथ मारपीट की गई थी।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा आईजीएनटीयू में केरल के छात्रों पर एक अपमानजनक हमला करार दिया।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने और उच्च शिक्षण



संस्थानों में छात्रों के खिलाफ भेदभाव और हमलों की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने की अपील करता हूं।

इससे पहले, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने भी आईजीएनटीयू में केरल के छात्रों पर हुए हमले की निंदा की थी और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी।

आईजीएनटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विजय दीक्षित ने एक ट्वीट में कहा, 10 मार्च की रात को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के पास एक पानी की टंकी पर तस्वीरें क्लिक करने को लेकर छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच बहस छिड़ गई।

मामला लड़ाई में बदल गया, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों के खिलाफ शिकायत लेकर अमरकनटक पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, जिन्होंने बदले में विश्वविद्यालय प्रशासन से सुरक्षा कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# पेपरलीक में सारण को पेपर देने वाले शेरसिंह का साथी गिरफ्तार

**उदयपुर ,13 मार्च 2023 (ए) ।** राजस्थान पुलिस सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सारण को 40 लाख रुपए में पेपर बेचने वाले अनिल उर्फ शेरसिंह मीणा की तलाश कर रही है। इसी दौरान उदयपुर पुलिस ने रविवार रात को एक आरोपी रामगोपाल को गिरफ्तार किया है, जो अनिल उर्फ शेरसिंह का साथी है।




अब पुलिस रामगोपल को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी और पेपर लीक के अन्य आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

### भूपेन्द्र को वापस प्रोडक्शन वारंट की तैयारी

इधर, अन्य मामले में जांच कर रही पुलिस पेपर लीक के मास्टर माइंड भूपेंद्र सारण को फिर से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने की तैयारी में है। इससे पहले 9 मार्च को कोर्ट ने सारण को जेल भेजा था। अब पुलिस उससे पूछताछ और राज उगलवाने के लिए वापस प्रोडक्शन वारंट की तैयारी में है।

### शिक्षक शेरसिंह की पुलिस को तलाश

वहीं पुलिस पेपर लीक के मुख्य आरोपी भूपेंद्र सारण को 40 लाख रुपए में पेपर बेचने वाले शिक्षक अनिलकुमार उर्फ शेरसिंह मीणा की तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दस से अधिक टीमें गठित कर उसके संभावित ठिकानों पर भेजी है। शेरसिंह के पकड़े जाने के बाद ही उसे पेपर महैया करवाने वाले का खुलासा हो पाएगा।

# हाईकोर्ट परिसर से 3 महीने के अंदर हटाए मस्जिद

### सुप्रीमकोर्ट का सख्त आदेश

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को तीन महीने के भीतर इलाहाबाद हाईकोर्ट के परिसर से एक मस्जिद को हटाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने मस्जिद हटाए जाने का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं को बताया गया कि संरचना एक खत्म हो चुके पट्टे (लीज) पर ली गई संपत्ति पर है और वे अधिकार के रूप में इसे कायम रखने का दावा नहीं कर सकते। याचिकाकर्ताओं, वक्फ मस्जिद उच्च न्यायालय और उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवंबर 2017 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने उन्हें मस्जिद को परिसर से बाहर करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को बेटी की शादी के लिए मिली एक हफ्ते की जमानत

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने हालांकि, याचिकाकर्ताओं को मस्जिद के लिए पास में किसी जमीन के आवंटन को



लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को एक प्रतिवेदन करने की अनुमति दी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को बताया कि भूमि एक पट्टे की संपत्ति थी जिसे समाप्त कर दिया गया था। वे अधिकार के तौर पर इसे कायम रखने का दावा नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ताओं द्वारा विचाराधीन निर्माण को गिराने के लिए तीन महीने का समय देते हैं और यदि आज से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्माण नहीं हटाया जाता है, तो उच्च न्यायालय सहित अधिकारियों के लिए उन्हें हटाने या गिराने का विकल्प खुला रहेगा।

मस्जिद की प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि मस्जिद 1950 के दशक से है और इसे यूं ही हटाने के लिए नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, 2017 में सरकार बदली और सब कुछ बदल गया। नई सरकार बनने के 10 दिन बाद एक जनहित याचिका दायर की जाती है। जब तक वे हमें जमीन उपलब्ध कराते हैं, तब तक हमें वैकल्पिक स्थान पर जाने में कोई समस्या नहीं है। उच्च न्यायालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह पूरी तरह से धोखाधड़ी का मामला है।

# दिल्ली से दोहा जा रही इंडिगो फ्लाइट में यात्री की मौत,कराची में हुई थी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023 (ए) ।** दिल्ली से दोहा जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी के कारण पाकिस्तान के कराची हवाईअड्डे की ओर डायवर्ट किया गया। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाइट दिल्ली से दोहा जा रही थी। इंडिगो एयरलाइन की उड़ान 6श्व-1736 में एक पैसेंजर की




तबियत बिगड़ गई। इसके बाद फ्लाइट कैप्टन ने कराची एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और मेडिकल इमरजेंसी के बारे में जानकारी दी। फ्लाइट के लैंड होने से पहले यात्री की कथित तौर पर मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि व्यक्ति की पहचान नाइजीरियाई के रूप में हुई है। इस संबंध में एयरलाइन के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि दिल्ली से दोहा जाने वाली इंडिगो फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी की वजह से कराची डायवर्ट कर दिया गया। दुर्भाग्य से, आगमन पर यात्री को हवाई अड्डे की मेडिकल टीम द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। हम इस खबर से बहुत दुखी हैं और हमारी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। हम वर्तमान में संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय में फ्लाइट के अन्य यात्रियों को स्थानांतरित करने की व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं इससे पहले 20 फरवरी को न्यूयॉर्क से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी की वजह से लंदन डायवर्ट कर दिया गया था। जनवरी के मध्य में इसी तरह की एक घटना में, मदुरै-दिल्ली इंडिगो की एक फ्लाइट को एक पैसेंजर के साथ एक मेडिकल इमरजेंसी सिचुएशन के बाद इंदौर हवाई अड्डे पर भेजा गया था।

# ईएनजी के 15 कार्यकर्ताओं ने किया खांडू के समक्ष आत्मसमर्पण

**ईटानगर ,13 मार्च 2023 (ए) ।** नगा उग्रवादी समूह ईस्टर्न नगा नेशनल गवर्नमेंट (ईएनजी) के अध्यक्ष तोसा मोसांग सहित 15 उग्रवादियों ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और शीर्ष सैन्य एवं पुलिस अधिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त प्रयासों से इन उग्रवादियों ने हथियार डाले। इस सिलसिले में पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मीन, गृह मंत्री बामांग फेलिक्स, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सतीश गोलछा और असम राइफल्स तथा अरुणाचल पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। खांडू ने ट्वीट कर कहा, यह खुशी की बात है कि ईस्टर्न नगा नेशनल गवर्नमेंट



(ईएनजी) के अध्यक्ष तोशा मोसांग सहित 15 कार्यकर्ताओं ने आज आत्मसमर्पण कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश पुलिस और असम राइफल्स की 'गुमराह युवाओं' को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, हम आत्मसमर्पण करने वाले लोगों को प्रदेश में उनके सार्थक योगदान के लिए मुख्यधारा में शामिल करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देते हैं।

मुख्यमंत्री ने अन्य उग्रवादी समूहों से हिंसा छोड़ने और स्थायी शांति तथा समृद्धि के लिए मुख्यधारा में शामिल होने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारे पास अगले वित्तीय वर्ष (2023-24) के लिए 05 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक अंडरग्राउंड सरेंडर पॉलिसी है, ताकि गुमराह युवाओं को हिंसा छोड़ने और विकास के भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

# लंदन में दिए बयान पर संसद में हंगामा

» राजनाथ सिंह बोले... माफी मांगें राहुल गांधी

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023(ए)।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। बजट सत्र का दूसरा चरण छह अप्रैल तक चलेगा और इस दौरान 17 बैठकें होंगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर संसद में खूब हंगामा हुआ। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में भाजपा के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने विदेशी जमीन पर भारतवासियों और सदन का अपमान किया है। भारत में वाक स्वतंत्रता है और संसद में सभी अपनी बात रखते हैं। उन्हें भारत के ऊपर इस प्रकार की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें सदन में



आकर माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सदन के एक वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने विदेश की धरती से भारत का अपमान किया है। उन्हें संसद में आकर माफी मांगनी चाहिए। उनके इस बयान के बाद विपक्ष ने सदन में जमकर हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## संपादकीय

### सत्र न चलने का बंदोबस्त पहले से

पता नहीं ऐसा जान बूझकर किया जाता है या अनजाने में हो जाता है कि संसद के हर सत्र से पहले कोई न कोई ऐसी घटना होती है या खबर आती है, जिससे पूरा सत्र हंगामे में बीत जाता है। विपक्षी पार्टियों के सांसद हंगामा करते हैं और सरकार चुपचाप बिना किसी बहस के विधायी कामकाज निपटा लेती है। संसद का बजट सत्र शुरू होने से ठीक पहले अदानी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आई थी। उस पर सत्र का पहला हिस्सा जाया हुआ। उससे पहले चीन को लेकर शीतकालीन सत्र हंगामे में गुजरा था। अब संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा शुरू होने वाला है और कई ऐसे मुद्दे आ गए हैं, जिन पर हंगामा होगा और कार्रवाई ठीक से नहीं चल पाएगी।

आम आदमी पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया को सीबीआई और ईडी दोनों ने गिरफ्तार कर लिया है। आप ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया है और निश्चित रूप से संसद में उसका यह सबसे बड़ा मुद्दा होगा। राज्यसभा में उसके 10 सांसद हैं, जो कार्रवाई ठप्प कराने में सक्षम हैं। सिसोदिया को शराब के जिस मामले में गिरफ्तार किया गया है उसी मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता से भी पूछताछ हो रही है। अगर वे गिरफ्तार होती हैं तो दोनों सदनों में भारत राष्ट्र समिति के सांसदों का हंगामा चलेगा। लालू प्रसाद के बेटे और तीन बेटियों के खिलाफ छापेमारी से राजद सांसद भड़के हैं और वे राज्यसभा में हंगामा करेंगे। राहुल गांधी को दिया गया विशेषाधिकार नोटिस का मामला उठेगा और भाजपा लंदन में दिए उनके भाषण को मुद्दा बनाएगी। हिंडनबर्ग का मामला अभी तक चल ही रहा है।

# दुनिया को सेहतमंद बनाएगा भारतीय मोटा अनाज

**» भारत का मोटा अनाज बाजरा,रागी,कैनरी, ज्वार और कुट्टू दुनियाभर में मिलेगा**

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) 2023 में जी-20 की थीम मिलकर उबरेंगे, मिलकर मजबूत होंगे के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज के निर्यात पर अधिक जोर देकर एक सेहतमंद दुनिया बनाना चाहता है। परंपरागत रूप से उगाए और औषधीय गुणों वाले अनाज भारत की नई पहचान बना रहे हैं। इसकी खेती से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है। बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू अब विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं।

कोविड-19, जलवायु परिवर्तन, कैलोरी सेवन संबंधी जागरूकता को लेकर ऐसे नुकसानदेह परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिससे दुनिया का ध्यान इस स्मार्ट फूड (पौष्टिक मोटा अनाज) और इसके पोषण लाभ की ओर गया। 19 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और अब देश ने मोटे अनाज की क्रांति लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी है। एपीडा की मार्केटिंग रणनीति के साथ दुनियाभर में मोटे अनाज के आयात को लक्षित कर भारत के निर्यात में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है।

मोटे अनाज की निर्यात संवर्धन रणनीति के हिस्से के रूप में संबंधित संस्थान ने मिलेट सम्मेलन आयोजित किया। इसका उद्देश्य भारत को आगे ले जाने और व्यापार करने वाले शीर्ष 100 देशों के बीच पोषण महत्व के साथ मोटे अनाज के मूल्यवर्धित नए उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को प्रदर्शित कर जागरूकता लाना था। भारत की ओर से पेश किए जाने वाले अनूठे उत्पादों को दिखाने के लिए खरीदारों को आमंत्रित किया गया। दुनियाभर में हर शख्स के खाने की प्लेट और हर भोजन में भारतीय मोटे अनाज की जगह सुरक्षित करना मकसद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की योजना 2025 तक 100 मिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने की है। भारत की क्षमता का आकलन करते हुए एक व्यापक वैश्विक मार्केटिंग अभियान तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार 30 आयातक देशों और 21 मोटे अनाज के उत्पादक राज्यों का ई-कैटलॉग तैयार किया गया है। मोटे अनाज और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए एक वर्चुअल ट्रेड फेयर प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

पूरी दुनिया पोषण सुरक्षा की तरफ बढ़ रही है, ऐसे में एक दशक में मोटे अनाज के अंतर्राष्ट्रीय आयात में 5.4 प्रतिशत मूल्य में और 14 प्रतिशत मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। अपनी विशेष और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण मोटे अनाज की तरफ पूरी दुनिया का ध्यान गया है क्योंकि यह ग्लूटेन-मुक्त, उच्च प्रोटीन और उच्च फाइबर का स्रोत होता है। चावल और गेहूं का



विकल्प होने के नाते, मोटा अनाज मधुमेह प्रबंधन, वजन घटाने में निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) में मदद के साथ ही खून की कमी, रक्तचाप और हृदय संबंधी परेशानियों में फायदेमंद है। हर तरह से मोटे अनाज को गेहूं, चावल और मक्के से बेहतर माना जाता है और अगर भारत पौष्टिक मोटे अनाज के साथ रोग उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ता है तो ये मधुमेह रोगी और खून की कमी वाली महिलाओं के लिए सुझाए गए आहार में एक तिहाई अनाज की जगह ले सकता है। रोज प्रति व्यक्ति 100 ग्राम मोटा अनाज खाया जाता है तो भारत पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) के मोटा अनाज, हर आहार में एक प्रमुख भोजन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

भारतीय मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार 16 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में व्यापारियों, एफपीओ/एफपीसी, निर्यातकों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रही है। एफएओ द्वारा रोम, इटली में अपने मुख्यालय में आयोजित आई वाईओएम 2023 के एक कार्यक्रम में भारत पहले ही मोटे अनाज और इसके मूल्य-वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दे चुका है। भारतीय दूतावास के सहयोग से जकार्ता और मेडन, इंडोनेशिया में क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की गईं। गल्फफूड 2023- दुबई यूएई, फूडेक्स- जापान, फाइन फूड- ऑस्ट्रेलिया, अनुगा फूड फेयर, जर्मनी आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी और मोटा अनाज की थीम के साथ प्रचार में सहयोग के लिए योजनाएं तैयार हैं।

बाजरे को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आयातकों/डिपार्टमेंटल स्टोर/सुपर मार्केट/हाइपर मार्केट श्रृंखला को भारतीय दूतावास के जरिए जोड़ा जाएगा और भोजन के नमूने व स्वाद चखने का अभियान आयोजित किया जाएगा। आईबीईएफ के सहयोग से लक्षित देशों और बाजारों में भारतीय मोटे अनाज की ब्रांडिंग/प्रचार किया जाएगा। सोशल मीडिया के जरिए भी प्रचार अभियान चलाया जाएगा।

राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश भारत के पांच बड़े मोटे अनाज के उत्पादक राज्य हैं। मोटे अनाज की 16 प्रमुख किस्में पैदा की जाती हैं जिसका उत्पादन और निर्यात किया जाता है। इसमें सोरघम (ज्वार), पर्ल मिलेट (बाजरा), फिंगर मिलेट (रागी), छोटे दाने वाला बाजरा (कंगनी), प्रोसो मिलेट (चेना), कोदो मिलेट (कोदो), बार्नयार्ड मिलेट (सावा/सांवा/झांगोरा), छोटा बाजरा (कुटकी), दो छद्म बाजरा (बकवीट/कुट्टू), अमरंथ (चौलाई), ब्राउन टॉप बाजरा शामिल हैं।

भारत से मोटे अनाज के निर्यात में मुख्य रूप से साबूत अनाज शामिल है और मोटे अनाज के मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी नगण्य है। सरकार खाने के लिए तैयार (आरटीई) और परोसने के लिए तैयार (आरटीएस) श्रेणी के मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को भी तैयार कर रही है। इसमें नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट अनाजों का मिश्रण, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई आदि शामिल हैं।

भारत के प्रमुख मोटा अनाज निर्यातक देश यूएई, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्र, ट्यूनीशिया, यमन, यूके और यूएसए हैं। भारत से निर्यात की जाने वाले मोटे अनाज की किस्मों में बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू शामिल हैं। सोरघम, कैनरी, बाजरा और रागी के निर्यात से अच्छे दाम देने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि सऊदी अरब कुट्टू और दूसरे मोटे अनाज निर्यात पर बेहतर रिटर्न देता है। आमतौर पर, सोरघम (ज्वार) और अन्य मोटे अनाज की तुलना में कुट्टू को अच्छी कीमत मिलती है। दुनिया में मोटे अनाज का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका, यूके, ब्राजील और नीदरलैंड हैं।

हर आहार में मुख्य भोजन के रूप में मोटे अनाज को शामिल करने के उद्देश्य के साथ भारत दुनियाभर में मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहा है।

**डॉ. एम अंगमुथु**

# गर्मी में ये स्टाइलिश आऊटफिट्स करें ट्राई, दिखेंगी कूल और स्मार्ट

गर्मी के कहर से बचने के लिए जिससे जितना संभव होता है, बचने की कोशिश करता है। पर धूप से बचने और पसीने की वजह से लोग कई बार फैशन को भी इग्नोर कर देते हैं। पर क्या आप जानती हैं कि गर्मी के सीजन में ड्रेसिंग सेंस का ख्याल रखते हुए भी आप मर्मी से बच सकती हैं और साथ ही कूल और स्मार्ट दिख सकती हैं। सुंदर और स्टाइलिश दिखाई देना हर किसी को अच्छा लगता है। पर गर्मी के सीजन में इसे मेनटेन करना मुश्किल हो जाता है। पर अगर आप यहां दी गई सामान्य टिप्स जान लेंगी तो गर्मी में भी आप स्मार्ट लुक पा सकेंगीं। तो जानिए सिम्पल और काम की स्टाइलिंग टिप्स।



### इस प्रकार के कपड़ों को करें पसंद

गर्मी के सीजन में सूती, खादी और सिफोन के कपड़े पहनना अच्छा रहता है। आप को कम गर्मी लगेगी तो आप को आराम मिलेगा। आप इस समय स्लीवलेस और हाफ स्लीव के कपड़े भी ट्राई कर सकती हैं। परंतु घर से निकलते समय कूल स्लीव के कपड़े पहनें। इससे धूप और लू से राहत मिलेगी।

### ये कपड़े न पहनें

गर्मी में सिल्क, नायलोन, वेलवेट जैसे भारी कपड़े पहनने से बचें। इससे आप को गर्मी तो अधिक लगेगी ही, हवा भी शरीर तक नही पहुंच पाएगी। जिसकी वजह से इन्फेक्शन का खतरा हो सकता है।

### रंग का ध्यान रखें

गर्मी से बचने के लिए डार्क कलर के खास कर के काला कपड़ा पहनने से बचें। गहरे रंग के कपड़ों में गर्मी अधिक लगती है और पसीना भी अधिक होता है। इसलिए गर्मी में लेमन, लाइट पिंक, पीच, केशरी और आसमानी कपड़ों की पसंदगी उचित रहेगी।

### सिर को ढ़कना न भूलें

गर्मी में बाहर जाते समय सिर हमेशा ढ़के रहें। इससे आप को लू लगने का खतरा नहीं रहेगा। ऐसा करने से सिर में दर्द और साथ ही डिहाइड्रेशन भी नहीं होगा। सिर ढ़कने के लिए स्कार्फ या अंगौछे का उपयोग करें। यह आप की स्टाइल को बढ़ाएगा।

### हैट और सनग्लास का उपयोग करें

गर्मी में हैट लगाना और गोगल्स पहनना फैशन माना जाता है। परंतु आंख को गर्मी से बचाने का यह उचित तरीका है। गर्मी में सूर्य की हानिकारक किरणों से खुद को बचाने के लिए हैट-कैप और गोगल्स पहनना लाभदायक हो सकता है।



**स्नेहा सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# अनुवांशिक रोग:चिकित्सीय जाँच बेहद जरूरी

सवाल हो जीवन का और चुनाव हो जीवन साथी का दो घर परिवार और सामाजिक स्तर से लेकर कुंडली मिलान के जरिए ग्रह नक्षत्रों की दशा में तालमेल बैठाने की कोशिश की जाती है। बात जब आज के संदर्भ में की जाए तो मौजूदा हालात को देखते हुए लगता है कि जन्म कुंडली मिलाने से कहीं ज्यादा जरूरी है कि सभी अपने स्वास्थ्य कुंडली का मिलान करें। यूं तो जिंदगी में कौन सी बीमारी हो जाए कोई नहीं जानता मगर कुछ लोग सचमुच ऐसे होते हैं जो जीवन साथी के साथ साथ भावी संतान को भी प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए शादी से पहले कुछ रोगों की चिकित्सीय जांच भी जरूरी होती है। जरा सोचिए यदि शादी के बाद पता चलेगा कि जीवनसाथी एचआईवी पॉजिटिव है या पति पत्नी दोनों ही दूसरे संक्रामक रोगों से ग्रसित है तो क्या स्वस्थ जीवन की कल्पना की जा सकती है, इसलिए बहुत जरूरी है शादी से पहले स्त्री और पुरुष दोनों को ही चिकित्सकीय जांच के जरिए यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनमें इस तरह के हानिकारक संक्रमण ना हो। कुछ रोग अनुवांशिक भी होते हैं यदि यह अनुवांशिक रोगों को छुपा कर शादी विवाह कर ली जाये तो बाद में उनकी होने वाली संतान पर भी इसका असर पड़ सकता है एक नई जिंदगी को खतरे में डालना उचित नहीं है। भारत में एड्स हेपेटाइटिस ए व बी, थैलेसीमिया, इस प्रकार की बीमारी यदि पति-पत्नी को है तो उनके बच्चे में भी यह प्रॉब्लम मेजर हो जाती है, जिसके कारण उनके बच्चे का जीवन भी कष्ट पूर्ण हो जाता है।



यदि पति पत्नी स्वस्थ है तो भावी संतान भी स्वस्थ होगी वरना जीवन भर उस बच्चे को भी माता पिता के द्वारा दिए गए रोगों का सामना करना पड़ सकता है। पूर्वजों से विरासत में मिलीं आनुवंशिक कमियां किसी बुरे सपने की तरह है, जिसे हम नहीं देखना चाहते, फिर भी देखते हैं। हालांकि, वक्त के साथ हो रहीं वैज्ञानिक खोजें और तकनीकी विकास अब आनुवंशिक बीमारियों और कमियों के बुरे सपने से हमें हमेशा के लिए मुक्ति देने का वादा करती नजर आ रही हैं। कई तरह की आनुवंशिक कमियों को अब हम अगली पीढ़ी में जाने से रोक सकते हैं। कई मामलों में तो सिर्फ उचित पोषण, व्यायाम और बेहतर जीवनशैली से ही जींस की सेहत सुधारी जा सकती है और आने वाली पीढ़ी पर इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। जेनेटिक बीमारियों से बचने के लर्ोिए आप हेल्े दी डाइट का सहारा ले सकते हैं। हालांकि ये कहना मुश्किल है कि हेल्दी डाइट लेने से जेनेटिक बीमारियां नहीं होंगी लेकिन इससे जीन्स की प्रतिक्रिया में सुधार हो सकेगा। सेहतमंद रहने के लिए साबुत अनाज, ब्राउन राइस, कलरफुल सब्जियां, विटामिन बी12, विटामिन बी6, हरी पत्तेदार सब्जियां और फोलिक एसिड आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांचें करवानी चाहिए। इनके जरिए होने वाले बच्चे में मौजूद कुछ विकारों का पता लगाया जा सकता है। जैसे प्रेगनेंसी के दौरान, थैलेसीमिया की जांच करवानी चाहिए। माता या पिता को ये बीमारी होने पर बच्चे को भी ये रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। दिल की बीमारियां अनुवांशिक कारणों से ज्यादा होती हैं। उम्र बढ़ने के साथ ये बीमारियां शरीर को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं। अगर आपके माता-पिता या परिवार के करीबी व्यक्ति को 55 साल से कम उम्र में हार्ट की बीमारी हुई है, तो उसे आप भी सर्तक हो जाएं। हर 6 महीने में कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग और डॉक्े टर की सलाह पर अन्य जरूरी टेस्ट करवाने चाहिए।

कभी-कभी पति-पत्नी दोनों ही असामान्य होते हैं मगर उनका बच्चा स्वस्थ होता है और कई बार अच्छे खासे स्वस्थ व्यक्ति को अचानक से कोई गंभीर रोग हो जाता है लोगों को छिपाने के पीछे रिश्ता टूट जाने का डर होता है मगर छिपाने भर से रोक खत्म नहीं हो सकता हां! मगर झूठ के आधार पर जुड़े रिश्ते में दरार शुरू से ही पड़ जाएगी इसलिए जहां तक संभव हो वहां तक इस मामले में सजगता बरकरार रखें और दूसरे व्यक्ति को इस बारे में बता कर इस रिश्ते की शुरुआत और ज्यादा विश्वसनीय और स्वस्थ ढंग से की जा सकती है। अनुवांशिक रोगों को छुपाने के बाद आपकी आने वाली पीढ़ी इस रोगों से ना गुजरे इसके लिए समय-समय पर हार्ट संबंधी जांच कराते रहना चाहिए, शुगर लेवल भी चेक कराते रहना चाहिए, इसलिए विवाह के पूर्व सारे चिकित्सा जांच जरूरी होती है और पढ़े लिखे समाज में इस प्रकार की सतर्कता बहुत जरूरी है ताकि आपका जीवन और आपके आने वाले पीढ़ी का जीवन सुखमय बीते।



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

# रेबड़ी बाँट और कर्ज का बोझ

सरकार कर्ज लेकर रेबड़ियां बॉट रही है, उसमें केन्द्र सरकार भी पीछे नहीं है। कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया में एक चर्चा चल रही है कि सरकार पर कर्ज पहले की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ गया है। कांग्रेस का कहना है कि जब 2014 में उन्होंने सत्ता छोड़ी थी उस समय देश पर 56.7 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, जो 2022-23 में बढ़कर 152.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, यानी यह कर्ज लगभग 96 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। दुनिया भर में सरकारी कर्ज के बारे में देखने का नजरिया अलग किस्म का है। सरकारी कर्ज को उसके आकार के अनुसार नहीं, बल्कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाता है। उसके हिसाब से देखा जाए तो वर्ष 2013-14 में चालू कीमतों पर 112 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के संदर्भ में सरकार का कुल 56.7 लाख करोड़ रुपए का कुल कर्ज और देनदारियां जीडीपी का 50.5 प्रतिशत थी। उसके बाद वर्ष 2018-19 तक आते-आते सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां 90.8 लाख करोड़ तक पहुंच गई, जो चालू कीमतों पर जीडीपी का 189 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी का मात्र 48 प्रतिशत ही था, यानी जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी का कर्ज और देनदारियां पहले से 2.5 प्रतिशत बिन्दु घट गई थीं। 2019-20 के वर्ष में कोरोना का प्रकोप शुरू हो चुका था, जिसके कारण उत्पादन और कर राजस्व दोनों प्रभावित होने शुरू हो चुके थे। ऐसे में सरकारी कर्ज में मात्र 12 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के बावजूद। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज 3 प्रतिशत विन्दु ज्यादा। होकर 51 प्रतिशत तक पहुंच गया था। वर्ष 2020-21 पूरे तौर पर कोरोना प्रभावित था, जिसमें मौद्रिक जीडीपी भी 2 लाख करोड़ रुपए घट गई थी, लेकिन कोरोना से गरीबों एवं अन्य प्रभावित वर्गों को राहत देने और अन्यान्य प्रकार के खर्च बढ़ने के कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां 18 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई थी। इसके कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 61 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के अनुसार सरकारी ऋष्ण कुल जीडीपी का मात्र 56 प्रतिशत तक घट जाएगा। कर्ज निजी हो अथवा सार्वजनिक, इसके साथ उसके व्याज और मूलधन की देनदारी जुड़ी होती है। जहां तक सरकारों का सवाल है, सरकारें लगातार ऋष्ण लेती हैं और यह ऋष्ण उत्तरोत्तर तौर पर बढ़ता ही जाता है। गौरतलब है कि हर मुल्क की जीडीपी अलग-अलग है। अमरीका की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा ज्यादा है और कई मुल्कों की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा कम है। इसलिए हमें हर देश के सरकारी ऋष्ण एवं अन्य देनदारियों को वहां की जीडीपी के अनुपात में देखना पड़ेगा।

**अजय दीक्षित**

# शी जिनपिंग लगातार चीन की सत्ता में मजबूती की ओर बढ़ रहे हैं

### वफादार ली कियांग बने प्रधानमंत्री

द रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब् और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया हैद्य अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला हैद्य वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# बच्चों को हर सुविधा के साथ जिम्मेदारी भी दीजिए

बच्चों के सारे शौक़ पूरे करना हर माँ-बाप की ख्वाहिश होती है, खुशी होती है। अपने ख्वाबों को परे रखकर, अपना पेट काटकर हर माँ-बाप बच्चों को राज कुमार और राज कुमारी की तरह रखना चाहते है। हर सुख सुविधा से सज्ज जिंदगी देकर बच्चों को वो जिंदगी देना चाहते है जो खुद को नहीं मिली। बेशक दीजिए हर सुविधा, पर एक जिम्मेदारी के साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए। सहज, सुलभ मिली सहुलियत की उतनी कद्र नहीं होती। बच्चों की हर जायज़-नाजायज़ मांग को पूरा करना बच्चों को बिगाड़ देता है।

बच्चे की हर मांग पूरी न करें, लेकिन ना करने का कारण भी उसे जरूर बताएं। समझाएं कि जिसकी वह मांग कर रहा है, वह वाकई जरूरी है भी या नहीं। बच्चों से खुलकर संवाद करें। उन्हें समय दें। अच्छे बुरे का फ़र्क समझाईये।

पैसों की वैल्यू समझना बचपन से ही सिखाईये। एक उम्र के बाद बच्चों को वो समझ देनी जरूरी होती है कि पैसें पेड़ पर नहीं उगते, कितने बीस मिलाने पर सौ बनते है। भले आप करोड़ पति, या अरब पति हो। अगर बीस, बाईस साल के बेटे को आप स्कूटर या बाइक लाकर देते है तो इस शर्त के साथ दीजिए, कि देख बेटे लाख रुपये का बाइक लाकर देते है पर पेट्रोल भरवाने की जिम्मेदारी तेरी रहेगी, फिर जितना मज़ी चाहे घूमो। फ़ेरारी या मर्सिडीज भी दीजिये, पर इसी शर्त के साथ कि पेट्रोल का जुगाड़ भाई तू करेगा, ताकि बच्चों को जिम्मेदारी उठाने का महावरा हो और पैसों की कीमत भी समझ में आए। सच मानिए बेटा समय से पहले जिम्मेदार और समझदार बन जाएगा।

यही बात बेटियों के लिए भी उतनी ही लागू होनी चाहिए। आगे की पढ़ाई से लेकर किसी भी चीज़ को आसानी से देने की बजाय एक जिम्मेदारी के साथ दीजिए कि अगर एयर हास्टेस बनना है, या फ़ेशन डिज़ायनर बनना है, तो पार्ट टाइम जॉब करके फ़ीस का जुगाड़ करना होगा। सच मानिए ये शिक्षा बेकार नहीं जाएगी! इसी बहाने बेटी आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ी होना सीख जाएगी, जो आजकल के ज़माने में बहुत ही जरूरी है।

बच्चों को हर सुविधा सहज हासिल करवाकर निर्माल्य मत बनाईये। तपने दीजिए संघर्ष के यज्ञ में, कुंदन की तरह निखर जाएँगे अगर बच्चों को ज़िंदगी की चुनौतियों से लड़ना सिखाना है, तो चार लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे वाले कथन को तोड़ मरोड़ कर दरिया में ड़ाल दीजिए।

बच्चों को खुद अपनी समस्याओं के बारे में जानने दीजिए और समस्याओं का हल निकालने दीजिए। बच्चों को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि हम गिरने से भी बहुत कुछ सीखते है। अपने दम पर गिरना, संभलना उसके बाद पाने की खुशी ही अलग होती है। बेशक आपका बच्चा पढ़ाई के साथ नौकरी करेगा तो लोग इधर-उधर की बातें करेंगे ही, ये देखिए फलाने भाई का बेटा बाप अरब पति है फिर भी नौकरी कर रहा है। ऐसी बातों को कान पर मत धरिए, बच्चों को हर परिस्थिति से लड़ने के काबिल बनाईये। वक्त कभी किसीका एक सा नहीं रहता, कभी-कभी वक्त इंसान पे ऐसा भी आता है राह में छोड़के साया भी चला जाता है, तब कम सुविधा में चलाना और अपने दम पर आगे बढ़ना बचपन से सीखा होगा तो जिंदगी के उतार चढ़ाव में जूझना आसान रहेगा। बच्चों को ये हुनर सिखाना भी एक तरह का प्यार है, परवाह है और माँ-बाप की जिम्मेदारी भी।

बच्चों को राजा-महाराजा सी ज़िंदगी देने के लिए तपस्वी की तरह पालिए। परवरिश ऐसी हो कि आगे जाकर अपने दम पर बच्चें ऐसे बनें कि, जिंदगी की तपिश उसे जला न पाए। हर परिस्थिति से उभरने में आसानी होगी और जिंदगी सहज लगेगी।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर,
कर्नाटक
बैंगलोर

### होला महके खेत में

होला महके खेत में,
सोंधी लगे मिठास।
छाछ दही सह पीजिए,
गन्ने का रस खास।।
होला भुनता मेंड़ पर,
महक उठे आकाश।
मिर्चा बुकनू रायता,
रखो हमेशा पास।।
गेहूँ बाली भूँज कर,
खाओ गुड के साथ।
क्षुधा शांत कर तृप्ति दे,
प्रमुदित दीनानाथ।।
चना भूँज कर खाइए,
ताल खेत नद तीर।।
होला हर्षित है करे,
झोंपड़ महल कुटीर।
हरे चना को पीस कर,
बने कचौड़ी चाट।
मलय निमोना स्वाद प्रिय,
रहे अँगुलियाँ चाट।।



**प्रमोद दीक्षित मलय**
बाँदा
उत्तरप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# क्राइम इन्वेस्टीगेशन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 10 दिवसीय साइबर क्राईम इन्वेस्टीगेशन

» नेशनल पुलिस एकेडमी हैदराबाद के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायगा प्रशिक्षण






- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में साइबर क्राइम से सम्बंधित मामलो में तेजी, उच्च स्तर की विवेचना के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों का उपयोग कर साइबर क्राइम पर प्रभावी नियंत्रण कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने हेतु सरगुजा रेंज एवं बिलासपुर रेंज के राजपत्रित अधिकारियों, निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित साइबर सेल में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को 10 दिवसीय बेसिक एवं एडवांस लेवल साइबर क्राइम इन्वेस्टीगेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन साई बाबा आदर्श महाविद्यालय मे किया गया है। कंप्यूटर लैब में अधिकारी, कर्मचारी विधिवत रूप से प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में नेशनल पुलिस एकेडमी हैदराबाद के तीन कुशल प्रशिक्षकों द्वारा साइबर क्राइम से सम्बंधित नवीन तकनिकी जानकारी सहित नये संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी जायगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का आयोजन दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने अपने उदबोधन में कहा कि साइबर क्राइम का आरोपी कहीं दूर बैठकर किसी व्यक्ति के साथ घटना करता हैं उस परिस्थिति में सबसे महत्वपूर्ण आरोपी से सम्बंधित तकनिकी जानकारी समय पर प्राप्त होना एवं मामले में तेजी से अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करना होता है। आप सभी इस प्रशिक्षण से दक्ष हो और नयी तकनिकी जानकारियों से अवगत होकर साइबर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण कि व्यवस्था बनाएं। अगले 10 दिन सरगुजा संभाग एवं अन्य जिले से आए सभी अधिकारी कर्मचारी बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं बेहतर पुलिसिंग कर आमनागरिकों को सुरक्षित परिवेश प्रदान करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा कि बढ़ते हुए शहरीकरन के साथ साइबर क्राइम में भी तेजी से वृद्धि हुई हैं वर्तमान समय में पुलिस को भी कार्यकुशल एवं तकनिकी रूप से सक्षम होने की अवश्यकता महसूस की जा रही थी पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नेशनल पुलिस एकेडमी के प्रशिक्षकों को जिले तक भेजकर प्रशिक्षण प्रदान करवाना इस दिशा मे एक बेहतर कदम होगा, साइबर क्राइम के मामलो मे उच्च स्तर की विवेचना हेतु आप उत्साहित होकर प्रशिक्षण ले, साथ ही प्रशिक्षकों की टीम के बारे मे बताते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तेज तर्रार प्रशिक्षक टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ट्रेनिंग दी गई हैं, आपसे प्रशिक्षण प्राप्त करना जिले के अधिकारियो कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय हैं। बेसिक एवं एडवांस लेवल साइबर क्राइम प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च तक प्रतिदिन जारी रहेगा, जिसमे प्रशिक्षकों द्वारा 30 से अधिक अधिकारियो कर्मचारियों को कई तकनिकी गुरु सिखाये जाएंगे।

# मारपीट के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने काली पट्टी लगाकर की ड्यूटी




- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर में होली की शाम कुछ लोगों ने जिला अस्पताल के एक ड्यूटी डॉक्टर की पिटाई कर दी थी। डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने व बचाने का आरोप लगाकर विभिन्न संगठन के बैनर तले प्रदेश भर के चिकित्सकों ने सोमवार को काली पट्टी लगाकर विरोध जताते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया। इसी के तहत अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी जुनियर डॉक्टरों ने काली पट्टी लगार अपनी सेवाएं दी। आक्रोशित चिकित्सकों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो ये उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

होली की शाम 8 मार्च को जिला अस्पताल सूरजपुर में डा. अनीश कुमार इमरजेंसी ड्यूटी पर थे। इस दौरान एक युवक को मारपीट में घायल होने के कारण उपचार के लिए लाया गया था। इस दौरान परिजन ने डॉक्टर अनीश के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। वहीं मामले की रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज कराया गया था। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। वहीं डॉक्टर के साथ मारपीट किए जाने का विरोध जारी है। प्रदेश स्तरीय संगठन यूडीएफए, आईएमए, सीआईडीए, जुनियर डॉक्टर संघ सहित अन्य संगठनों के बैनरतले मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर चिकित्सकों ने सोमवार को काली पट्टी लगाकर विरोध किया और ड्यूटी की। चिकित्सकों का कहना है कि डॉक्टर के साथ मारपीट किए गए ओोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है। अगर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती है तो प्रेदेश भर के डॉक्टर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# आधार फाइनेंशियल कंसलटेंसी का हुआ शुभारंभ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आधार फाइनेंशियल कंसलटेंसी का विधिवत शुभारंभ विगत दिनों नगर में गुदरी गली में सेंट्रल बैंक के सामने किया गया। संस्था का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया जिसमे शहर के सभी बैंक व फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे, संस्था के निर्देशक सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के द्वारा बैंकिंग,फाइनेंस,लोन, एवं बीमा क्षेत्र के कंसल्टेशन का काम किया जाएगा जिसके लिए प्रमुख बैंको व कई फाइनेंस कंपनियों तथा जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा का कार्य करने के लिए आधार फाइनेंशियल कंसलटेंसी को डीएसए के माध्यम से अधिकृत किया गया है जिसमे की मुख्य रूप से पर्सनल लोन, बिजनेस लोन,प्रॉपर्टी लोन,होम लोन,गोल्ड लोन,नए गाड़ियों का फाइनेंस ,पुरानी गाड़ियों का रिफाइनेंस ,जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा के काम किया जाएंगे। संस्था निर्देशक श्री सिंह के द्वारा शुभारंभ समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के स्टाफ अजय प्रजापति ,नीमन पन्ना ,केतन ठाकुर,मनोज प्रजापति ,राज ताम्रकार तथा ,मनोहर प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही शहर के गणमान्य नागरिक श्री अखिलेश रवानी , दीपेंद्र मंडल ,शिव सिंह , देवेंद्र सिंह, सुभाष पटेल, उदय भान,राकेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।



# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में जीत कर आने पर संघ ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।** सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर में 1 मार्च से 5 मार्च तक आयोजित हुए ऑल इंडिया अंर्त विश्वविद्यालय मिनी गोल्फ महिला पुरुष प्रतियोगिता में सरगुजा जिला मिनी गोल्फ संघ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किया। संघ के खिलाड़ियों ने दूसरी बार जीत कर यह उपलब्धि सरगुजा विश्वविद्यालय के नाम किया। जिसमें डबल इवेंट मेंस में साकेत केडिया और आकाश दुबे सिल्वर मेडल, सिंगल इवेंट वूमेन में प्रिया जायसवाल ब्रोंज मेडल, मिक्स डबल इवेंट वूमेन में प्रियंका पैकरा एवं आंनद ब्रोंज मेडल, शिवानी सोनी सिंगल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। अरमान खान, अभिषेक सोनी, सांध्य सोनी, साक्षी गुप्ता, संचिता एक्का ने अच्छा प्रदर्शन किया खिलाड़ियों के नगर आगमन पर संघ के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें राजीव युवा मितान क्लब के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, एनएसयूआइ प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल, एनएसयूआइ खेल विभाग चैयरमैन रजत सिंह एवं राष्ट्रीय कोच उपस्थित थे।

# रात में कार सवारों के सामने सड़क पर अचानक आ गया बाघ



» बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पखवाड़े भर से विचरण कर रहा है बाघ

» अलग-अलग स्थानों पर हर दिन देखा जा रहा हैं बाघ दहशत में क्षेत्र के लोग

बलरामपुर, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के जंगल व रिहायशी इलाकों में पिछ्ले 15 दिनों से बाघ विचरण कर रहा है। शनिवार की रात कार में सवार होकर कुछ युवा ग्राम पिपरौल की सडे से जा रहे थे, इसी दौरान अचानक उनके वाहन के सामने अचानक बाघ आ गया। इस दौरान कार सवारों ने उसका वीडियो बनाया। हालांकि वीडियो में यह देखा जा सकता है कि युवकों को पहले से पता था कि इस क्षेत्र में बाघ विचरण कर रहा है। ऐसे में उन्होंने कार के भीतर पहले से ही कैमरा ऑन कर रखा था। युवकों ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# दो नबालिग बेटों ने पिता की कर दी बेदम पिटाई, इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

दो नबालिग बेटों ने लाठी डंडे से पीट कर पिता को अचेत कर दिया था। उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार धरमू राम पिता स्व. पटवारी राम उम्र 45 वर्ष सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम वंदना घुटरीपारा का रहने वाला था। धरमू शराब पीने का आदि था। वह शनिवार की रात को शराब पीकर घर आया। इस बात से नाराज इसके दो नबालिग बेटों ने लाठी डंडे से बदम पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस दौरान इसकी पत्नी भी वहां मौजूद थी पर बीच बचाव नहीं की। सिर व कान में चोट लगने से अचेत होने के बावजूद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले गए और घर में ही वह पड़ा रह गया। रविवार को धरमू का साला गोर्वधन उसके घर पहुंचा तो धरमू अचेत अवस्था में घर के बरामदे में पड़ा था और इसके कान से खून निकल रहे थे। घटना के बारे में धरमु की पत्नी शांति से पूछा तो वह बताई की शराब पीकर गिर गया है। तभी पड़ोसी भी वहां पहुंच गए। पड़ोसियों ने उसके साला को बताया कि शनिवार की रात इसके दो नबालिग बेटों ने बेदम पिटाई किया है। इससे वह अचेत हो गया है। इसके साला ने उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल ले गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान धरमू की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह तहत 85 जोड़े बने हमसफर

» ग्राम पंचायत पटना मे हुआ आयोजन





- संवाददाता -
रामानुजनगर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छ.ग.शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत् आज विकास खण्ड रामानुजनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना के सरना स्थल के पास 85 जोड़ो ने नव दंपत्ति के रूप में सामाजिक रिति - रिवाज से परिणय सूत्र मे अबंध हुए, रामानुजनगर विकास खण्ड से 60 वर - वधुओ एवं प्रेमनगर से 25 वर वधुओं ने एक - दूसरे के साथ फेरे लेकर सुखी जीवन यपन करने की कसमे खायी। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रेमनगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक खेलसाय सिंह, जिला पंचायत के अध्यक्ष राजकुमारी जी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष नरेष राजवाड़े व छ.ग. उर्दू बोर्ड के सदस्य इस्माईल खान आदि के द्वारा नव वर - वधुओ को परिणय सूत्र मे बंधे नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया साथ ही इस योजना को लागू करने वाले सूबे के मुखिया भूपेश बधेल जी को भी धन्यवाद ज्ञापित किया क्योकि यह योजना समाज के निर्धन तबके के परिवार के लिए एक प्रकार से संजीवनी का कार्य करती हैं जो कि निर्धन परिवार के लिए एक वरदान के बराबर हैं जहॉ आज कल विवाह मे लाखों रूपयें फिजूल खर्च करने के कारण निर्धन परिवार के कर्ज के बोझ तले दब कर अपने आत्मसम्मान व मनोबल को समाप्त कर देता हैं, इस योजना के तहत् सामाजिक हालात मे सुधार करने, बाल विवाह व दहेज प्रथा जैसे सामाजिक कुरीतियों को रोकने मे कारगर साबित हो रहा हैं। कार्यक्रम मे वर व वधू पक्ष के काफी संख्या में पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिती प्रदान कर सभी विवाहित जोड़ों को अपना आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीला कोसाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास चंद्रबोस सिसोदिया, अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर रजत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामानुजनगर, संजय राय ,परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रामानुजनगर श्रीमती अमृता भगत, पर्यवेक्षक श्रीमती एमरेन्सिया कुजूर ,श्रीमती गंगोत्री मानिकपुरी, श्रीमती रागिनी गुप्ता, श्रीमती धनेश्वरी माराबी, श्रीमती ममता परस्ते, सहित संपूर्ण महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के द्वारा अथक सार्थक प्रयास कर इस आयोजन को सफल बनाने मे अपना संपूर्ण योगदान दिया गया।

# बुनियादी समस्याओं को लेकर 15 बिंदु में कलेक्टर के नाम सौंपा गया ज्ञापन




- संवाददाता -
उदयपुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में उदयपुर एवं लखनपुर के बुनियादी समस्याओं को लेकर 15 बिंदु में कलेक्टर के नाम एसडीएम शिवानी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें एक माह में निराकरण नहीं कराए जाने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया है।

ज्ञापन में बताया है कि सरगुजा जिले के उदयपुर में एक लाख से अधिक आबादी व 58 हजार मतदाता हैं जो वनांचल क्षेत्रों में अधिकांश लोग निवास कर रहे हैं जिन्हें रोज कई समस्याओं से जूझना पड़ रही है समस्या से ग्रस्त लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार निराकरण करने की मांग किया इसके बावजूद भी ठोस पहल नहीं उठाया गया। दूरस्थ अंचलों में प्रवास के आम जनों से मुलाकात कर लोगों की तकलीफों को देखकर कई समस्याएं सामने आई है जिन जन समस्याओं को गंभीर एवं संवेदनशील नजरिए से तत्कालिक निराकरण कराने के लिए कल एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक कैलाश मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नकुल सोनकर, उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, जिला मंत्री राधेश्याम ठाकुर, शशि जायसवाल, वेदांत तिवारी, लखन यादव, कन्हाई राम बंजारा, सुरजीत सिंह, उदरपाल राजवाड़े, विनोद सिंह सहित भारी संख्या में लोग स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक टीएस सिंह देव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### उदयपुर लखनपुर के यह है प्रमुख समस्याएं -

» शासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर को एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) का दर्जा दिया है जहां विशेष चिकित्सक, निश्चेतना विशेषज्ञ, आईसीयू, ब्लड बैंक यूनिट होना चाहिए परंतु नाम मात्र का एफआरयू सेंटर ही है। 40 वर्षों से अस्पताल खुलने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। सर्व सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराना मजबूरी हो जा रही है। दो वर्षों में एक भी सिरे जीएन का रिकॉर्ड नहीं है और लिफ्ट भी बंद पड़ा हुआ है। इसके साथ अन्य पीएससी केंद्रों में भी कई समस्याएं हैं।

» जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की मौजूदगी में जिला प्रशासन ने 6 अगस्त 2021 को निरस्त दावों के पुनरीक्षण उपरांत पुनः परीक्षण में पात्र दावों की अनुमोदन करने के बाद भी कलेक्टर कार्यालय में लंबित है उसका वन अधिकार पत्र व राजस्व अधिकार पत्र की तत्काल निराकरण हो।

» शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय में आवंटित भूमि का राजस्व रिकार्ड में भूमि स्वामी हक दर्ज करने के साथ बालक व बालिका छात्रावास का निर्माण हो साथ ही सुरक्षा हेतु बाउंड्री वाल का तत्काल निर्माण कराई जाए।

» लाखों रुपए की लागत से नए बस स्टैंड बनाने के बावजूद उपयोग विहीन है जिसमें तत्काल सुचारू बस संचालन प्रारंभ कराई जाए।

» स्टेडियम ग्राउंड देखरेख के अभाव में गड्ढों से तब्दील हो गया है मरम्मत की जाए।

» एनएच विभाग ने उदयपुर मेन मार्केट में डिवाइडर बनाकर स्ट्रीट लाइट बनाना भूल गई जिस कारण 1 वर्षों में 45 से अधिक दुर्घटनाएं भी हो चुकी जिसे अतिशीघ्र काम पूरा की जाए।

» झीरमिट्टी में 9 वर्ष पूर्व 100 सीटर कन्या छात्रावास करोड़ों रुपए की लागत से बनी है जो अधूरा है विभागीय अधिकारियों को कई बार ध्यानाकर्षण कराए जाने के बावजूद भी पूरी नहीं हो सकी।

» विधायक के आदर्श ग्राम बकोई में 2016 से कचरा अपशिष्ट प्रबंधन बनाने शासन ने 15 लाख की स्वीकृति दी परंतु आज तक काम अधूरा है।

» उदयपुर के ग्राम पंचायत घाटबर्रा के आश्रित ग्राम परोगिया में छुरीधोवा नाले पर फूल बनाने की सख्त आवश्यकता है इस मार्ग में 2 जिले के परिसीमन को यह मार्ग जोड़ता है।

» वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकोई, भकुरमा, पेंडरखी, कुदरी, चिंगर, फुज्जी, डोकरमाना, पहाड़कोरजा, झिंगाझरिया, मुंदाराडांड, सिल्लीभूडू, झरीमोहर, लामपहाड़, खपरी, जराहाडांड, कछुआ पारा सहित आसपास गांव में नेटवर्क की समस्या होने के कारण पुलिस एंबुलेंस सुविधाओं के लिए लोग वंचित है जहां यथाशीघ्र दूरभाष संपर्क की सुविधा बनाई जाए।

» लखनपुर के ग्राम बंधा खूंटरापारा और उदयपुर के ग्राम पंचायत सीतकालो अंतर्गत डाबरगांव में 3 साल से सोलर पैनल बंद है और झील मिट्टी के ललन मटिया पारा का हैंडपंप 2 साल से खराब है जो आयरन युक्त पानी निकलने के कारण पीने योग्य नहीं है।

» उदयपुर के लक्ष्मणगढ़ माध्यमिक स्कूल में गणित के शिक्षक वर्षों से नहीं है और लखनपुर के खूटिया मिडिल स्कूल में 108 व गुमगराकला में 80 छात्र-छात्राएं होने के बावजूद एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रही है।

के साथ तमाम अन्य समस्याओं को लेकर दिए गए समय सीमा में निराकरण नहीं कराने पर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के नेतृत्व में उदयपुर एसडीएम कार्यालय घेराव कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया है।

इस पर उदयपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने कहा प्रत्येक बिंदुवार जांच कराने के बाद अति शीघ्र समस्या दूर कराने का प्रयास किया जाएगा।

# गिरफ्तार हो सकते हैं इमरान खान,गैर-जमानती वारंट जारी महिला जज को धमकाने-तोशाखाना केस में कार्रवाई



**इस्लामाबाद,13 मार्च 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सोमवार को दो मामलों में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। तोशाखाना मामले में कोर्ट के सामने पेश नहीं होने और पिछले साल एक जनसभा के दौरान महिला न्यायाधीश को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में यह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इस बीच महिला न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद पुलिस की एक टीम लाहौर रवाना हो चुकी है।

तोशाखाना मामले की सुनवाई कर रहे इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश जफर इकबाल और न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश राणा मुजाहिद रहीम ने पुलिस को पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने को कहा। कोर्ट ने तोशाखाना मामले में उन्हें 18 मार्च और जज को धमकी देने के मामले में इमरान को 21 मार्च को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ पिछले साल अगस्त में एक रैली में उनकी टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया गया था। इमरान खान ने अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी और शीर्ष पुलिस अधिकारियों को उनकी पार्टी के प्रति पक्षपाती रवैये के गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने सहयोगी शहबाज गिल के साथ किए गए व्यवहार के लिए भी उन्हें दोषी ठहराया था। इमरान ने आरोप लगाया था कि गिल को न्यायिक हिरासत में प्रताड़ित किया गया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अवमानना के मामले में कार्यवाही शुरू करने के बाद इमरान खान पर मामला दर्ज किया गया था। पिछले साल सितंबर में जेबा चौधरी से व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने के लिए इमरान खान सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए थे। इमरान पर प्रधानमंत्री रहने के दौरान मिले उपहारों को तोशाखाना से कम दाम पर खरीदने और मुनाफे के लिए बेचने के भी आरोप हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तनूख्वा में जनगणना दल पर आतंकी हमला; एक पुलिस अधिकारी की मौत,चार घायल



**पेशावर , 13 मार्च 2023।** पाकिस्तान के अशांत पख्तनूख्वा प्रांत में जनगणना दल पर आतंकियों ने हमला कर दिया। इस दौरान दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक पुलिस वैन को निशाना बनाया गया। हमले में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। मामले में चार अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने प्रांत में कोट आजम इलाके के टांक जिले में जनगणना दल के साथ चल रही पुलिस वैन पर गोलीबारी शुरू कर दी। घटना के बाद आतंकी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने इलाके को घेरकर आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।

दरअसल, जनगणना दल पर इस तरह का यह दूसरा हमला है। इससे पहले आठ मार्च को प्रांत के डेरा इस्माइल में जनगणना दल की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस वैन पर हमला किया गया था। इसमें भी एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई थी। दो अन्य घायल हो गए थे।

# अगले हफ्ते ही पुतिन से मिलने रूस जा सकते चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, रिपोर्ट्स में दावा



**बीजिंग,13 मार्च 2023।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने मॉस्को जा सकते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही चीन लगातार पुतिन के समर्थन में दिखा है। हालांकि, उसके राष्ट्रपति का यह दौरा अपने आप में काफी मायने रखता है। दरअसल, जहां यूक्रेन का साथ देने के लिए कई पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष कीव जा चुके हैं, वहीं रूस के राष्ट्रपति को अब तक किसी प्रमुख देश का साथ नहीं मिला है।

### अमेरिका से तनाव ने रूस और चीन को लाया और करीब

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और चीन के रिश्तों में लगातार बढ़ते तनाव के बीच रूस और चीन के संबंध मजबूत होते गए। इसे लेकर अमेरिकी अधिकारियों के कान खड़े हो गए हैं। जर्मनी में हुए म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन वांग यी से मिले, तो उन्होंने चेतावनी दी थी कि चीन रूस को हथियार ना दे। हालांकि रूस को हथियार देने की बात का चीन लगातार खंडन करता रहा है, लेकिन हाल में इस बारे में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का शक गहरा गया है।

# पुतिन के सबसे बड़े आलोचक पर बनी फिल्म को मिला ऑस्कर,पत्नी ने मंच से सबको कर दिया भावुक



**नई दिल्ली,13 मार्च 2023।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े आलोचक एलेक्सी नवलिनी पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म को ऑस्कर 2023 का बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड मिला है। इस दौरान नवलिनी की पत्नी यूलिया नवलानया ने ऑस्कर के मंच से एक भावुक भाषण भी दिया। ये सुनकर समारोह में शामिल सभी लोग भावुक हो गए।

ऑस्कर मिलने के बाद नवलिनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि उनके पति को सिर्फ इसलिए जेल में रखा गया है क्योंकि उन्होंने सच बोला था। उनके पति को लोकतंत्र बचाने की सजा मिल रही है। यूलिया ने अपने पति को मजबूत रहने के लिए कहा और उम्मीद जताई कि एक दिन वह जरूर बाहर आएंगे।

### नवलिनी को जहर देने के लिए पुतिन ने बनाई थी टीम

46 साल के नवलिनी दावा करते हैं कि उनके पास राष्ट्रपति पुतिन के भ्रष्टाचार और सारे काले कारनामों के सबूत हैं। पिछले दो साल से पुतिन ने उन्हें जेल में डाल रखा है। नवलिनी पेशे से वकील हैं और रूसी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाते रहे हैं। नवलिनी रूस की विपक्ष सहयोग परिषद के सदस्य हैं और रशिया ऑफ द फ्यूचर पार्टी के नेता हैं। साल 2021 तक यू-ट्यूब पर उनके चैनल के छह मिलियन से ज्यादा सब्स्क्राइबर्स थे।

उन्हें रूस के अगले राष्ट्रपति के तौर पर देखा जाता है। साल 2018 में उन्होंने राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ा था। डॉक्यूमेंट्री में ये दावा किया गया है कि पुतिन ने रूस में नवलिनी के नाम तक को बैन कर दिया। यहां तक की उन्हें जहर देकर मारने के लिए एक टीम भी बनाई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साल अगस्त 2020 में तो नवलिनी को सर्बिया में सबसे खतरनाक जहर नोविचोक दिया गया था, जिससे वह कोमा में चले गए थे। इलाज के लिए उनकी टीम उन्हें जर्मनी लेकर गई। यहां से उन्हें रूस वापस भेज दिया गया था। 17 जनवरी 2021 को जैसे ही वह मॉस्को लौटे राष्ट्रपति पुतिन के आदेश पर उन्हें तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया।

# मिलिए तुर्किये के गांधी से जो भारत विरोधी एर्दोगन के खिलाफ लड़ रहे चुनाव,जानें इनके बारे में सबकुछ

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023।** भूकंप का कहर झेलने वाले तुर्किये में इस साल 14 मई को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इसके लिए विपक्ष के छह दलों ने मिलकर मुख्य सेक्युलर विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के नेता कमाल किलिकदरोग्लु को अपना प्रत्याशी बनाया है। कमाल मौजूदा राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। एर्दोगन को भारत विरोधी कहा जाता है। ये वही हैं, जिन्होंने भूकंप के दौरान भारत के %ऑपरेशन दोस्त% की मुहिम और मदद को तुरंत भूलकर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का साथ दे दिया था।

वहीं, कमाल किलिकडारोग्लू %तुर्किये के गांधी% कहे जाते हैं। कमाल तुर्किये में लोगों के हक, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते हैं। तुर्किये की मीडिया भी उन्हें कमाल गांधी कहती है। वह महात्मा गांधी की तरह की चश्मा भी पहनते हैं और पोलिटिको की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गांधी की तरह, किलिकडारोग्लू की राजनीतिक शैली भी %विनम्र है। खैर, इस बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या तुर्किये के गांधी इस चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन को हरा देंगे?





आइए समझते हैं...

### कौन हैं कमाल गांधी ?

अल जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, कमाल किलिकडारोग्लू का जन्म 1948 में पूर्वी तुर्किये (तब तुर्की) के शहर टुनसेली में हुआ था। वह एक ऐसे परिवार में जन्में जो अल्पसंख्यक अलेवी विश्वास का पालन करता था। अलेविस 13वीं शताब्दी के फारसी-तुर्की दरवेश हाजी बेक्टश वेली के अनुयायी हैं जिन्होंने इस्लाम के एक गूढ़ और मानवतावादी रूप को सिखाया।

किलिकडारोग्लू ने अंकारा एकेडमी ऑफ इकोनॉमिक्स एंड कमर्शियल साइंसेज (अब गाजी विश्वविद्यालय) में अर्थशास्त्र पढ़ा और सरकार और निजी दोनों क्षेत्रों में तुर्किये के आर्थिक और वित्तीय संस्थानों में शीर्ष पदों पर काबिज हुए। उन्होंने अंकारा में हैकेटपे विश्वविद्यालय में भी पढ़ाया।

2002 में तुर्किये की संसद में इस्तांबुल से किलिकडारोग्लू ने सीएचपी के सदस्य के रूप में प्रवेश किया। उसी चुनाव के बाद जिसने पहली बार एर्दोगन की जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एडालेट वी कल्किन्मा पार्टिसि या एकेपी) को सत्ता में लाया।

इसके बाद कमाल तुर्किये में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने लगे। 2007 में वह फिर संसद के लिए चुने गए। 2009 में उन्होंने इस्तांबुल के मेयर बनने के लिए चुनाव लड़ा। इसके बाद 2010 में एक वीडियो के लीक होने के बाद कमाल की पार्टी सीएचपी के अध्यक्ष डेनिज बायकल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। तब किलिकडारोग्लू को उनकी पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया।

### काफी कड़ी लड़ाई होगी

पोल के आंकड़े बताते हैं कि एर्दोगन और कमाल किलिकडारोग्लू के बीच राष्ट्रपति पद को लेकर काफी कड़ी लड़ाई है। इसके अलावा संसदीय चुनाव में भी जीत के लिए दोनों ही पार्टियों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। भूकंप के दौरान एर्दोगन को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ी थी। कई जगहों पर एर्दोगन का विरोध भी हुआ था।

# जिसकी हुई थी आलोचना,उसी जीरो कोविड नीति की तारीफ कर गए चीन के नए प्रधानमंत्री




**बीजिंग,13 मार्च 2023।** चीन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने चीन सरकार की जीरो कोविड नीति का बचाव किया। बता दें कि चीन की जीरो कोविड नीति का काफी विरोध हुआ था। बीते कई दशकों में पहली बार चीन में सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए। हालांकि अब चीन के नए प्रधानमंत्री ने जीरो कोविड नीति का बचाव किया है और इसे सही ठहराया। साथ ही ये भी दावा किया कि इससे काफी फायदा भी मिला।

ली कियांग ने कहा कि जीरो कोविड नीति के कारण ही एक उच्च जनसंख्या घनत्व वाले देश चीन में दो महीने से भी कम समय में हालात सामान्य हो गए थे। यह बेहद अहम है। कियांग ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में तीन सालों तक चीन के लोग कोरोना के खिलाफ लड़ाई में एकजुट रहे। अब हम बीमारी के खिलाफ निर्णायक जंग जीत चुके हैं। गौरतलब है कि ली कियांग ने अपने संबोधन के दौरान एक बार भी जीरो कोविड नीति का नाम नहीं लिया।

बता दें कि चीन की जीरो कोविड नीति की काफी आलोचना हुई थी। इससे चीन की विकास दर तीन फीसदी तक गिर गई थी, जो कि बीते एक दशक में सबसे कम रही। भारी विरोध के बीच चीन ने अचानक जीरो कोविड नीति को खत्म भी कर दिया था। इससे चीन में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े थे और बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हुई थी। ली कियांग ने ये भी कहा कि देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाए गए हैं। साथ ही नई वैक्सीन और दवाई के उत्पादन में भी तेजी लाई गई है।

# उड़ान के दौरान विमान को लगा झटका,सात लोग घायल, एयरलाइन ने डिलीट कराई तस्वीरें और वीडियो!

**वॉशिंगटन,13 मार्च 2023।** लुफ्थांसा एयरलाइन के एक विमान को हवा में जोरदार झटका लगा, जिसके चलते विमान में सवार सात यात्री घायल हो गए। इसके बाद विमान की अमेरिका के वॉशिंगटन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हैरानी की बात ये रही कि विमान से उतरने से पहले एयरलाइन ने सभी यात्रियों से घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा। बता दें कि झटका लगने के बाद विमान में खाने पीने का सामान इधर उधर बिखर गया था। हालांकि इसके बावजूद विमान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।




विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि जब उन्हें घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा गया तो वह इसे सुनकर हैरान रह गए। घटना एक मार्च की है, जब लुफ्थांसा एयरलाइन का विमान एयरबस ए330-300 अमेरिका के ऑस्टिन से फ्रैंकफर्ट जा रहा था। रास्ते में जब विमान करीब 37 हजार फीट की ऊंचाई पर था तो उसे कई झटके लगे। जिसके बाद विमान की अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित डुलेस हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। झटकों के चलते विमान में सवार सात लोग घायल हो गए, जिन्हें बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तस्वीरों में दिख रहा है कि झटकों के चलते विमान में खाने-पीने का सामान इधर उधर बिखरा हुआ है। विमान भी मामूली तौर पर क्षतिग्रस्त हुआ। यात्रियों को झटकों के चलते हल्की चोटें आई हैं। एक यात्री के कूल्हे की हड्डी भी टूट गई। विमान में सवार कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि विमान करीब 4 हजार फीट तक गिरा था, जिससे विमान में सवार यात्रियों को झटका लगा।

बता दें कि हवाई यात्रा के दौरान कई बार झटके महसूस किए जाते हैं। ये झटके जमीन और हवा के बीच मौजूद घर्षण के कारण, असमान भौगोलिक क्षेत्र या फिर मानवीय भूल की वजह से लगते हैं। झटके कितनी तेज लगेंगे यह जमीन पर चल रही हवा की गति पर निर्भर करता है।

# ट्रंप बोले- मैं राष्ट्रपति होता तो एक दिन में खत्म हो जाता रूस-यूक्रेन युद्ध,डील भी बताई

**नई दिल्ली,13 मार्च 2023।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में होते तो ये युद्ध एक दिन में ही खत्म करवा देते। ट्रंप ने कहा कि इसके लिए वह एक डील करवाते। जिसमें यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर रूस का कब्जा करवा देते। इससे युद्ध नहीं होता। ट्रंप ने कहा कि ये %सबसे खराब% स्थिति होती। ट्रंप ने कहा कि अगर वो अमेरिका के राष्ट्रपति होते तो व्लादिमीर पुतिन कभी भी आक्रमण शुरू नहीं करते।



ट्रंप एक रेडियो शो में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, %मत भूलो, बुश के रहते उन्होंने जॉर्जिया पर कब्जा कर लिया। ओबामा के रहते उन्होंने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया और बाइडेन के रहते वे सब कुछ ले रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वे सब कुछ लेने जा रहे हैं। पूरी तरह से। वे पूरे एनचिलाडा ले रहे हैं। वे सबकुछ लिए जा रहे हैं। मुझे तो यही दिखता है।%

### ट्रंप ने और क्या कहा?

डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और अब जो बाइडेन के कार्यकाल में रूस की ओर से यूक्रेन पर किए गए कब्जे का उदाहरण देते हुए खुद का भी जिक्र किया। बोले, इन लोगों के समय रूस ने एक-एक करके यूक्रेन को ले लिया लेकिन मेरे राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने यूक्रेन का क्या लिया? कुछ नहीं... पहली बार ऐसा हुआ। लंबे समय बाद ये हुआ था। वह (राष्ट्रपति पुतिन) मुझे समझ गए थे। इसलिए उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया।

ट्रंप ने आगे कहा, %अगर मैं राष्ट्रपति रहता तो ये युद्ध एक दिन से अधिक नहीं चलता। मैं दोनों के बीच एक सौदा कराता। मैं बातचीत कर सकता था। भले ही ऐसा सबसे खराब स्थिति होता, लेकिन मैं यूक्रेन के कुछ ऐसे क्षेत्र पर रूस का कब्जा करवाने की डील कराता, जहां के लोग सिर्फ रूसी भाषा बोलते हैं। लेकिन अभी क्या हो रहा है? अब रूस पूरे यूक्रेन को टुकड़ों में लिए जा रहा है।%

### अगले साल अमेरिका में है राष्ट्रपति चुनाव

बता दें कि अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे है। ट्रंप फिर से इस चुनाव में अपनी दावेदारी ठोक चुके हैं। उनके अलावा मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी चुनाव लड़ने का एलान किया है। इसके अलावा दो भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक भी इस लड़ाई में आगे हैं।

# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष की शादी थी या सियासी संकेत?

» क्या एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज हो सकते है मनेंद्रगढ़ से विधानसभा के दावेदार?

» शादी में ज्यादातर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के लोगो को बुलावा




- रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने शादी के बहाने चुनावी सियासत में उतरने की एंट्री का ट्रेलर पेश किया है। भरतपुर विधानसभा के खोंगापानी के रहने वाले नीरज ने मनेंद्रगढ़ विधानसभा के सर्कस ग्राउंड में भव्य शादी समारोह आयोजित करवाया। जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत के साथ ही कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव, विधायक गुलाब कमरो के अलावा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, विधायक देवेंद्र यादव पहुंचे। एक और जहां खासदार ने शादी में पहुंचकर नीरज पांडेय की प्रदेश की सियासत में पहुंच दिखाई वही दूसरी ओर शादी समारोह में ज्यादातर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के लोगो को पहुंचना ये संकेत देता है कि नीरज पांडे एनएसयूआई कोटे से मनेंद्रगढ़ विधानसभा की दावेदारी कर सकते है। अगर कांग्रेस ने सिटिंग विधायको के टिकट काटे तो मनेंद्रगढ़ से विनय जायसवाल की जगह एनएसयूआई कोटे से नीरज पांडेय को कांग्रेस विधानसभा तक पहुंचने का मौका दे सकती है।

नीरज ने भव्य शादी समारोह आयोजित कर कांग्रेस के बड़े नेताओ को बुलाकर कही न कही चुनावी सियासत में एंट्री के संकेत दे दिए है। नीरज को एनएसयूआई कोटे से मनेंद्रगढ़ विधानसभा का दावेदार इसलिए भी बताया जा रहा है कि नीरज जिस भरतपुर सोनहत विधानसभा के खोंगापानी से आते है वह सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है यहां से गुलाब कमरो कांग्रेस विधायक है। खोंगापानी मनेंद्रगढ़ विधानसभा से 10 किलोमीटर दूर है। नीरज के ज्यादातर समर्थक भी मनेंद्रगढ़ के रहने वाले है ऐसे में नीरज मनेंद्रगढ़ से विधानसभा की दावेदारी करने से नही चूक सकते। हालांकि नीरज कहते है कि पार्टी जो आदेश देगी मैं वो करूँगा, लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में नीरज अगर मनेंद्रगढ़ विधानसभा से एनएसयूआई कोटे से विधायक की दावेदारी करते है तो कोई बड़ी बात नही होगी। नीरज के समर्थक उन्हें मनेंद्रगढ़ से भावी विधायक के तौर पर देख रहे है।

### एक समय सीएम से मिलने नही मिला था

नीरज जब एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव थे तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मरवाही उप चुनाव के समय मनेंद्रगढ़ दौरा हुआ था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एसईसीएल के हसदेव विश्राम गृह में रुके थे, जहा नीरज दो दर्जन एनएसयूआई कार्यकर्ताओ के साथ भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पहुंचे थे, लेकिन सुरक्षाकर्मी नीरज को रेस्ट हाउस को अंदर नही जाने दिये जबकि नीरज के साथ आये कार्यकर्ता विधायको का सहारा लेकर सीएम से मिल सके थे।

# मनेन्द्रगढ़ की राशी ने मिस सुपर मॉडल इंडिया प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान अर्जित




- संवाददाता -
अम्बिकापुर/मनेंद्रगढ़, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर में ग्लैमरस प्रोडक्सन हॉउस के दीपक सिंह के द्वारा होटल पर्पल ऑर्चित मे सुपर मॉडल इंडिया का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से आये प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मॉडलिंग प्रतियोगिता मे मि. मिस.मिसेज़ व किड के लिए शो रखा गया था। इसमें ट्रेडिसनल राउंड व वेस्टर्न राउंड थे। शो का नाम सुपर मॉडल इंडिया 2023 था। इस प्रतियोगिता मे फाइनल जज के रूप मे चंडीगढ के मशहूर मॉडल, गायक, एक्टर, रियल्टी शो के मशहूर कलाकार मि. प्रिंस नरूला और अंबिकापुर के मॉडल, फिल्म् ट्विस्ट के एक्टर मि. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। जिसमे मनेन्द्रगढ़ की राशी पनिका (पुत्री - हेमलाल पनिका ) ने बेहतरीन तरीके से दोनो राउंड को जीता और मिस सुपर मॉडल इंडिया का प्रथम इनाम जीता साथ ही मिस टेक्निकल इंडिया विनर भी बनी। राशी पनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने जिले का नाम रौशन किया इस कामयाबी से उनके परिवार वाले बहुत खुश हैं। राशी इस वर्ष फिजियोथेरेपी प्रथम वर्ष की पढ़ाई भी कर रही हैं। इस प्रतियोगिता मे मिस छत्तीसगढ़ रह चुकी साक्षी उपाध्याय , और मिस इंडिया रह चुकी मिस डिम्पल ठाकुर भी उपस्थित रही और प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाये।

# चिरमिरी कप 2023 का हुआ समापन,एनएससी पोड़ी का चिरमिरी कप पर कब्जा

» चिरमिरी कप 2023 में मनेंद्रगढ़ विधानसभा की 32 टीमों ने लिया भाग

» एनएससी पोड़ी को मिला जीत का खिताब




- संवाददाता -
चिरमिरी, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

एनएससी पोंडी एवं लायन ब्रदर्स के तत्वाधान में बेस्ट चिरमिरी के ग्राउंड में भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, आयोजक समिति के प्रमुख फैजुल्ला खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता मनेंद्रगढ़ विधानसभा के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विदित हो कि आयोजक समिति के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वेस्ट चिरिमीरी एसईसीएल के खेल मैदान में करते आ रही है जिसमें पूरे चिरमिरी से लगभग 25 टीमें एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 7 टीमें भाग ली, फाइनल मैच में खड़गवा क्षेत्र के दूब छोला और पोंडी एन एस सी के बीच खेला गया पूरी की टीम ने पहले खेलकर 116 रन बनाएं वही दुबछोला 107 रन बनाकर आल आउट हो गई है और इस तरह से एनएससी थोड़ी ने अपना फाइनल में कब्जा जमाया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमन राजा को दिया गया वही मैन ऑफ द सीरीज अहमद रजा बेस्ट बैट्समैन का सम्मान एलएक्स दुबछोला को दिया गया, बेस्ट बॉलर अमन रजा, बेस्ट विकेटकीपर दीपक महाराणा, बेस्ट कैच का पुरस्कार विशाल, बेस्ट फील्डर अमर राउल, बेस्ट ऑलराउंडर रोशन, बेस्ट यंग खिलाड़ी का पुरस्कार दानिश को दिया गया, वही मैच समापन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति गायत्री बिरहा ने संबोधित करते हुए कहा कि दोनों टीमों ने बड़ा अच्छा खेल का प्रदर्शन किया खिलाड़ियों के खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए हम इस मैदान में स्ट्रीट लाइट लगाकर इसे और खूबसूरत बनाया है जिसके लिए 25 लाख रुपए की बजट की स्वीकृति की गई है, वहीं पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चेंबर ऑफ कॉमर्स (इंडस्ट्रीज) के जिलाध्यक्ष शोएब अख्तर ने अपने संदेश में आयोजक समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की है उन्होंने कहा कि निर्विवाद तरीके से पूरे कार्यक्रम संपन्न हुए,आगे भी आप इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहें खेल और खिलाड़ी के लिए भरपूर सहयोग दिया जाएगा वहीं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद विधायक प्रतिनिधि शिवांश जैन ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सरकार खिलाड़ियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं खिलाड़ियों के लिए बईस बल्ले ड्रेस एवं अन्य उपयोगी सामग्री या बड़ी सरलता से उपलब्ध कराई जा रही है इसके लिए आप अपने पार्षद से संपर्क करें यदि किसी तरह की दिक्कत आती है तो मुझसे भी संपर्क करके अपनी समस्या करने का करा सकते हैं बहुत अच्छा खेल का प्रदर्शन रहा है उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों की ढेर सारी बधाइयां दी वही गोमती द्विवेदी अभी काफी प्रशंसा की उन्होंने भी इसी तरह के खेल कराए जाने की मांग विधायक जी से की है कार्यक्रम का समापन की घोषणा नसीम अख्तर ने की एवं आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया मंच का संचालन वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद सुनील जी ने किया इस अवसर पर हाजी अशफाक उल्ला खान, राजीव मितान के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह प्रतिपक्ष संतोष सिंह वार्ड पार्षद हेमलता मुखर्जी, थाना प्रभारी सुनील सिंह व्यापार प्रकोष्ठ के नीतू कोहली बदरू जमा अंसारी, युवा नेता अशरफ सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।




## तहसीलदार व नायब तहसीलदार को मिली नवीन पदस्थापना

- संवाददाता -
लखनपुर, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से एक तहसीलदार व 2 नायब तहसीलदारों का नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार तहसीलदार बतौली नीतू भगत को तहसीलदार उदयपुर, नायब तहसीलदार कुन्नी ईश्वर चंद्र यादव को प्रभारी तहसीलदार बतौली तथा सहायक भू-अधीक्षक एवं नायब तहसीलदार लखनपुर प्रांजल गोयल को नायब तहसीलदार कुन्नी में नवीन पदस्थापना मिली है।

## विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

अम्बिकापुर, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023 आयोजित की जा रही है। 12 मार्च को विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में 72 केंद्र बनाए गए है।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्र कतकालो, दरिमा, होलीक्रास, विवेकानंद विद्या निकेतन, सरस्वती शिशु मंदिर, नवानगर, रामपुर, मेंण्ड्राकला, लुण्ड्रा, बरगीडह, लमगांव, डूमरडीह, मंगारी, लहपटरा, बालक एवं कन्या विद्यालय लखनपुर, खम्हरिया, बालक व कन्या सीतापुर, गेरसा, ढोढागांव, गिरहुलडीह, भूसू, नर्मदापुर तथा कमलेश्वरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न





» रंगपंचमी के अवसर पर शगुन गार्डन में हुआ आयोजन

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

रविवार को रंग पंचमी के अवसर पर ब्राह्मण समाज कोरिया का होली मिलन समारोह खाड़ा स्थित शगुन गार्डन में आयोजित किया गया, समाज के वरिष्ठ जनों ने सर्वप्रथम अराध्य देव भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समाज के वरिष्ठ रिटायर्ड शिक्षक केडी त्रिपाठी ने समाज सुधार के बारे में अपनी बात रखी, सामाजिक जनों से समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाने पर भी बल दिया। उपस्थित समाज के अन्य प्रमुख जनों ने कहा कि समाज को सजग रहने की जरूरत है, लोगो को एक दूसरे से जोड़ने एवं सामाजिक ताना-बाना बनाकर रखने की बात कही गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सामाजिक एकता पर अपनी बात कही। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष बृज मिश्रा ने होली की बधाई देते हुए विप्र जनों को संगठित रहने का आह्वान किया। शिक्षक राजेश पांडेय ने सपत्नीक अपने गीतों के माध्यम से सामाजिक जनो को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात वहां मौजूद विप्रों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपस में शांति और भाईचारे के साथ रहने का प्रण लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेयी, योगेश शुक्ला,वेदांति तिवारी, सूर्यकांत त्रिपाठी, मातांबर दुबे,दिनेष दुबे,देवदत्त त्रिपाठी,प्रमोद अवस्थी, अजय पांडेय,प्रेमसागर तिवारी, जमुना पांडेय, मनोज शुक्ला,राजेन्द्र पाठक, षिवसागर तिवारी,राजेष तिवारी,राजेष पार्डेय, योगेन्द्र मिश्रा,ध्रुवनाथ तिवारी लाल बाबा,अभिषेक द्विवेदी, पूरन चैबे,अनिल द्विवेदी, रामप्रकाश तिवारी, नितिन शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, नरेश तिवारी, रमाकांत शुक्ला, प्रमोद अवस्थी,राजकुमार पांडेय, अमित पांडेय, नीरज पांडेय, रूपनारायण पांडेय, रूद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, भोलू तिवारी, करूणा त्रिपाठी, रूपेश तिवारी, कृष्ण विभूति तिवारी, राहुल मिश्रा, अभय दुबे, हिमांशु अवस्थी, कवि पांडेय,चंद्रेश शर्मा, मनोज पांडेय, सुनील मिश्रा, रविकांत मिश्रा, रवि त्रिपाठी, ब्रम्हदेव पांडेय, राजीव पाठक, गोकरण शुक्ला, सागर शर्मा, ज्ञानदत्त तिवारी, अंगीरा तिवारी, पियुष तिवारी,राजेश प्रसाद अग्निहोत्री ,महेन्द्र द्विवेदी,आनंद तिवारी,प्रदीप द्विवेदी,अनित दुबे, जयप्रकाश पांडेय, ईष्वर शरण दुबे,सुखचेन मिश्रा, रामप्रकाश तिवारी, अनिल द्विवेदी, वंदना शर्मा,वैशाली शर्मा,ममता तिवारी, मीना मिश्रा,सरिता तिवारी, सविता मिश्रा, निशा मिश्रा, श्रृति मिश्रा,रिंकी पांडेय,ओम शर्मा,सीमा मिश्रा,आस्था मिश्रा समेत बड़ी संख्या में विप्र जन उपस्थित रहे।

# भाजपा आवासहीन परिवार को उनका अधिकार दिलाने के लिए संकल्पबद्धःलखन

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी केपूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास को छीना है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल करते हुए कहा कि क्या किसी योजना में सिर्फ प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा है इसीलिए प्रदेश की आम गरीब जनता को उस योजना का लाभ आप नहीं देंगे। स्तरहीन बयानों के लिए पहचान बना चुकी छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार गरीबों के सबसे बड़े सपने को पूरा नहीं होने दे रही है। भाजपा नेता ने कहा कि 25 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के प्रत्येक आवासहीन को मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की जिसका लक्ष्य था कि 2022 तक देश में प्रत्येक व्यक्ति के पास स्वयं का मकान हो। कोरोना काल के कारण इसे बढ़ाकर 2024 किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2011 सर्वे सूची के अनुसार मकान बनने थे फिर 2016 में आवास प्लस के नाम से केंद्र सरकार ने एक योजना लाई। जिसमें 2011 की सर्वे सूची में छूटे नाम तथा किन्हीं कारणों से 2011 के रद्द आवेदन को मिलाकर फिर सर्वे सूची बनाई गई जिसमें छत्तीसगढ़ में कुल 16 लाख हितग्राही पाए गए। योजना प्रारंभ होने के प्रथम वर्षों में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और इस दौरान हमने लगभग 7.50 लाख मकान बनाएं। उन्होंने कहा कि 2018 के पहले देश में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ अव्वल स्थान में था, लेकिन 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री आवास बनना बंद हो गए । साथ ही पूर्व में जो मकान बन रहे थे



उनकी किश्त भी इस भूपेश सरकार ने देनी बंद कर दी। पिछले 4 वर्ष में भूपेश सरकार में यह सारे कार्य बंद पड़े हैं और जिन लोगों ने प्रधानमंत्री आवास की आस में अपनी झोपड़िया तोड़ दी वे भी अब किराए के मकान में रहने को बाध्य है और दोहरी मार झेल रहे है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी कहते हैं कि योजना में प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा है इसलिए पूरा पैसा प्रधानमंत्री जी भेजें। आजादी के बाद सालों साल देश में अनेक योजनाओं सड़कों और इमारतों के नाम गांधी परिवार के नाम पर रखे गए। प्रदेश में राजीव युवा मितान क्लब के नाम से ही पैसे की बंदरबांट कर रहे हैं। भूपेश बघेल जी जरा स्पष्ट करें कि उपरोक्त योजनाओं में देश का और छत्तीसगढ़ प्रदेश का पैसा था या गांधी परिवार के घरों से पैसे आते थे। गरीब के सपने को तोड़ने के लिए ऐसा स्तरहीन बयान प्रदेश के मुखिया को शोभा नहीं देता। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक लक्ष्य निर्धारित योजना है जिसके तहत समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कराना महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में केंद्र के मंत्री व सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार प्रदेश सरकार से पत्र व्यवहार कर कार्य में प्रगति लाने का अनुरोध किया जाता रहा। केंद्र सरकार ने 17 जून 2021 और 6 जुलाई 2021 को सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने के लिए पत्र व्यवहार किया। और स्पष्ट बताया गया था कि 31 जुलाई 21 तक अगर तय सीमा में यह कार्य स्वीकृत नहीं किया जाएगा तो इसे पूर्ण करने की पूरी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। और 2016 के सर्वे सूची के आधार पर आवास प्लस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ की सरकार को नहीं मिलेगा।

# जनता के साथ था,हूं और रहूंगा उनका आशीर्वाद एवं सहयोग मेरे लिए अमूल्य धरोहर हैः राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल

- संवाददाता -
कोरबा,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा की जनता का लगातार मिल रहा आशीर्वाद एवं उनका सहयोग मेरे लिए अमूल्य धरोहर है जिसे मैं भुला नहीं सकता मैंने कोरबा के हितों के लिए हमेशा पूरे समर्पण भाव से कार्य किया है तथा यह समर्पण की भावना आगे भी कायम रहेगीढ्ढ मैं यहां के नागरिक बंधुओं के सुख दुख में सदैव साथ खड़ा रहा हूं तथा विश्वास दिलाता हूं कि भविष्य में भी जब कभी भी उनके समक्ष कोई समस्या आएगी वह मुझे सदैव अपने साथ खड़ा पाएंगे ढ्ढये बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 51 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं ढ्ढ नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत चौरसिया पोल्ट्री फॉर्म से प्रधानमंत्री आवास गृह तक एक करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाला का निर्माण किया जाना है इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत चौरसिया पोल्ट्री फार्म से एनटीपीसी प्लांट रोड तक रू.300000 की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत कबीर भवन के पास रू.500000 की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण भी होना है ढ्ढ कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती कार्यो का ज्योत्सना महंत की गरिमामय उपस्थिति में उक्त विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन ढ्ढ इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई ढ्ढ विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर सोनी सहित एमआईसी सदस्य गण पार्षद गण एवं एल्डरमैन गण उपस्थित रहे ढ्ढ इस अवसर पर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है एवं जयसिंह अग्रवाल मंत्री बनने के बाद कोरबा में लगातार व्यापक रूप से विकास कार्य हो रहे हैं ढ्ढ वर्तमान महापौर राज किशोर प्रसाद के साथ ही पूर्व महापौर श्रीमती रेनू अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए गए साथ ही वर्षों की व्याप्त समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है ढ्ढ उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा है कि वे अपनी समस्याएं प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल या सांसद महोदयढ्ढ श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत , महापौर नगर निगम व सभापति नगर निगम तक पहुंचाएं ,समस्याओं का अवश्य निराकरण किया जाएगा।

# खुले में किया जा रहा राखड़ डंप,विभाग मौन होकर डंप करने वालों को दी खुली छूट



- संवाददाता -
कोरबा,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

औद्योगिक नगरी कोरबा के पावर संयंत्रों से बनी बिजली से देश-प्रदेश रौशन हो रहे हैं। इस विकास का दूसरा पहलू यह है कि कोरबा की जनता प्रदूषण की मार से त्रस्त है। प्रदूषण की मार झेल रहे लोगों को लापरवाह परिवहनकर्ताओं के कारण और अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संयंत्रों से निकलने वाले राख को खुले में डंप किया जा रहा है। जिससे आबो हवा में राखड़ घुल रहा है। सडक़ किनारे राखड़ के ढेर से हादसों का खतरा भी बना हुआ है। बालको-उरगा बाईपास मार्ग पर जगह-जगह संयंत्रों से निकलने वाले राखड़ को डंप किया जा रहा है, जबकि राखड़ परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश है कि लो लाइन और चिन्हित एरिया में ही राखड़ का डंप किया जाना है। इस निर्देश और एनजीटी के नियम कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है। स्थानीय प्रशासन और पर्यावरण विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जिसकी वजह से उक्त मार्ग पर राखड़ ही राखड़ नजर आता है। इसकी वजह से राखड़ के डस्ट ने मार्ग से चलना तक दूभर कर दिया है। डस्ट के कारण एक मीटर दूर की वाहन भी दिन में नजर नहीं आता। रात के समय तो मार्ग पर चलना और भी खतरनाक है। बेरोक-टोक परिवहन कर्ता राखड़ को खुले में सडक़ किनोर डंप कर देते हैं। इस पर सख्त कार्यवाही की जरूरत है लेकिन न ही प्रशासन के अधिकारी और न ही पर्यावरण विभाग कोई कार्यवाही कर रहा है। बायपास मार्ग के आसपास बसे लोगों का राखड़ के कारण जीना दुभर हो गया है। स्वास्थ्यगत परेशानियों का खतरा बना हुआ है।

# ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान महिला ने किया अग्निस्नान



- संवाददाता -
कोरबा,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा के हरदीबाजार क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर अग्निस्नान कर खुद की जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलज जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। महिला की स्थिती गंभीर देख उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। पुलिस ने महिला का मरणासन्न कथन लिया है जिसमें उसने प्रताड़ित होकर यह कदम उठाने की बात कही है। बीती रात माहिला द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाया गया , जिसके बाद उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया । हालांकि महिला की स्थिती को गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया है। सूचना मिलने के बाद सीविल लाईन पुलिस मौके पर पहुंची और डॉक्टरों की मौजूदगी में महिला का मरणासन्न बयान लिया । पुलिस ने बताया,कि ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर महिला के द्वारा यह कदम उठाया गया है।रायपुर में महिला की स्थिती अब भी गंभीर बनी हुई है और उसके जीवित बचने की उम्मीद भी काफी कम है। मामले में अपराध कायम कर पुलिस केस की डायरी अग्रिम कार्रवाई के लिए हरदीबाजार थाना भेज रही है।

# थाना तिल्दानेवरा पुलिस द्वारा चाकूबाज को किया गया गिरफ्तार

- संवाददाता -
तिल्दा-नेवरा,13 मार्च 2023(घटती-घटना)।



थाना से मिली जानकारी कर अनुसार सोमवार को दोपहर करीब 03 बजे हेम कुमार साहू द्वारा प्रार्थी को बिना किसी कारण के मां बहन की गंदी गंदी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखें बटन दार चाकू से प्रार्थी को तीन बार वार कर दिया जिससे प्रार्थी के दाहिने पर के जांघ में दो बार चोट बाएं पैर के जांघ में एक बार चोट लगी है चोट लगने से खून निकलने लगा की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया प्रार्थी के आई चोटों का मुलाहिजा सीएससी तिल्दा से कराया गया आरोपी हेम कुमार साहू की पता तलाश कर मिलने पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त एक नग बटन दार नुकीली धारदार स्टील का चाकू पेश करने पर समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया प्रार्थी को मारकर चोट पहुंचाने पर प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा 25 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई आरोपी सदर के उक्त कृत्य पर से मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के गिरफ्तारी की सूचना परिजन को दी गई है। अपराध धारा 25.27 आर्म्स एक्ट अजमानतीय होने व प्रकरण की विवेचना अपूर्ण होने से न्यायिक रिमांड प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

# कराबेल में 49 लोगों का किया गया नेत्र परीक्षण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर ,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस. सिसोदिया के मार्गदर्शन में मैनपाट विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र काराबेल में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत 49 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 4 मोतियाबिंद के मरीज एवं 17 दृष्टि दोष से पीड़ित मरीज पाए गए। मोतियाबिंद के मरीजों को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर भेजकर उपचार कराया जाएगा। दृष्टि दोष से पीड़ित मरीजों को चश्मा वितरण किया गया।





सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ संदीप मिश्रा के द्वारा यह जानकारी दी गई कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है जिसका समय रहते परीक्षण कर ईलाज करवाना अति आवश्यक है। अधिकारी ने बताया ग्लूकोमा से संबंधित जागरूकता, परामर्श एवं चिकित्सकीय शिविर का आयोजन किया जाना है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ऑप्टिक तंत्रिका परीक्षण सहित नियमित आंखों की जांच के लिए लोगों को प्रोत्साहित करके ग्लूकोमा द्वारा होने वाले अंधेपन को समाप्त को करना है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के दौरान आंखों में तरल पदार्थ का दबाव बढ़ जाता है। शुरुआती अवस्था में न तो इस बीमारी के कोई लक्षण प्रकट होते हैं और न ही कोई संकेत। पल-पल की देरी मरीज को उसकी दृष्टि से दूर करती चली जाती है।

# भारत विकास परिषद का प्रांतीय अधिवेशन में कोरबा को मिला सर्वश्रेष्ठ इकाई का पुरस्कार

- संवाददाता -
कोरबा,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

रायपुर में दिनांक 12 मार्च को भारत विकास परिषद का प्रांतीय अधिवेशन का समापन बड़े ही गरिमामय ढंग से हुआ ,जिसमें भारत विकास परिषद




कोरबा इकाई को सर्वश्रेष्ठ इकाई एवं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार प्राप्त हुआ ढ्ढ यह सम्मान सभी सदस्यों के विशेष सहयोग मेहनत एवं संपूर्ण सहभागिता से एवं प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुदेशिया एवं संरक्षक श्री एम.डी. मखीजा के मार्ग मार्गदर्शन में प्राप्त हुआ है ढ्ढ कोरबा में भारत विकास परिषद लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करता रहा है। जिला कोरबा इकाई के अध्यक्ष श्री महेश गुप्ता ने इस सफलता के लिए सभी सदस्यों का एवं मार्ग दर्शको का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि , जिला कोरबा इकाई के सभी सदस्यों से भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग की अपेक्षा करते रहेंगे जिससे भारत विकास परिषद के कोरबा इकाई को और अधिक मजबूत और सफल बनाया जा सके।

# दो दुकानों से जांच के लिए लिया गया पनीर का नमूना

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में दो मिठाई दुकानों से पनीर का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अम्बिकापुर के मेसर्स जय मां तारा डेयरी तथा जय मां महामाया डेयरी एवं डेली निड्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात विक्रय किए जा रहे पनीर (खुला) का नमूना को परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत कार्यावाही की जाएगी।

# अडाणी घोटाले के खिलाफ छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा राजधानी रायपुर में बीते दिन पैदल मार्च किया गया

- संवाददाता -
तिल्दा-नेवरा,13 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में रायपुर के अम्बेडकर चौक धरना प्रदर्शन करते हुए राजभवन तक पैदल मार्च किया गया, इस कूच यात्रा पर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पप्पू नामदेव के नेतृत्व में तिल्दा शहर से सैकड़ों की संख्या मे कृषकगण कांग्रेसी धरना प्रदर्शन में शरीक हुए, जिसमें मुख्य रुप से सोशल मीडिया प्रभारी अमजद खान, एल्डरमेन संजय दुबे , सितंशु साहू, दुर्गेश पांडे, दुबे प्रसाद, तोरण, नंद कुमार निषाद, कन्हैया यादव, इतवारी आनंद, नेत्र कुमार बंजारे , बसंत वर्मा , उत्तम सिंह बंदे , नंद कुमार यदु , देवचरण यादव , जगदीश वर्मा, राम भगत रात्रे, शिव कुमार वर्मा , रामेश्वर वर्मा, रोहित डहरिया , उमेंद्र मारकंडे , मुनेंद्र निषाद , हरिराम वर्मा , जयनारायण सतनामी , बुधराम सतनामी , राजू सतनामी , केजू सतनामी, कुबेर सतनामी , राम स्नेही बंजारे एवं अन्य पदाधिकारी थे ।



# मितानिनों के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भावस्था की गंभीरता से पहचान कराने के दिए निर्देश

## मितानिनों को सक्रिय करने एवं उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को सुनिश्चित कराने की कही बात

जशपुर नगर 13 मार्च 2023 (घटती-घटना)। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की अध्यक्षता में आज मंत्रणा सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मितानिन कार्यक्रम से जु सभी अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले के दूरस्थ पहो ी क्षेत्रों वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, डीपीएम सुश्री स्मृति एक्का, जिला समन्वयक सहित सभी विकासखण्ड, पंचायत स्तरीय समन्वयक एवं मितानिन प्रशिक्षक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में संस्थागत प्रसव को बे ाने एवं शत प्रतिशत प्रसव केंद्रों में कराने के लिए कहा। साथ ही मितानिनों के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भावस्था की गंभीरता से पहचान करने के निर्देश दिए। इस हेतु जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी खण्ड स्तरीय समन्वयक अपने सेक्टरों का सतत दौरा कर मितानिनों की अनिवार्य रूप से बैठक लेना सुनिश्चित करें। जिससे वे सक्रिय होकर कार्य कर सके साथ ही उन्हें उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान के बारे में पूर्ण जानकारी हो पाए एवं वे अपने पंचायतो में ऐसी गर्भवती महिलाओं का समय पर चिन्हाकन कर सके।



कलेक्टर ने जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान के लक्षण बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए साथ ही सभी आंगनबो ी मितानिन व सहायिका को भी इस संबंध में जानकारी देकर समुदाय स्तर पर जागरूकता लाने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारियों को मितानिनों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, उनका स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, जन जागरूकता के कार्य शामिल है। साथ ही दावा पत्रक में गर्भवती महिलाओं की सही जानकारी प्रविष्ट होनी चाहिए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे पंचायत जहां के मितानिन सक्रिय नहीं है अथवा कार्य के निष्पादन में रुचि नही लेते है उनकी सूची तैयार कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने आंगनबो ी सहायिका मितानिनों की मदद से एनिमिक एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हाकन कर, उनसे संपर्क बनाए रखने एवं उन्हें पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


**न्यायालय अनुविभागीय धिकारी (रा)उदयपुर जिला सरगुजा**

रा0प्र0क्र0 / /अ-2/ 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमित्रा देवीपति अयोध्या प्रसाद जाति घासी, निवासी ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम उदयपुर, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 251/2 रकबा 0.061 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 03.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर

**न्यायालय अनुविभागीय धिकारी (रा)अम्बिकापुर जिला सरगुजा**

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्पित कुमार एक्का पिता पीटर एक्का जाति उरांव निवासी ग्राम,/नगर मनीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 188/5 रकबा 0.032 है0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई 17/03/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202303020700024**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 (है0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-प्रेमलता देवी,
अनावेदक पक्षकार- माधुरी सिन्हा

ईश्तहार

आवेदक प्रेमलता देवी पति रामविलास, निवासी फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 194/90 रकबा 0.022 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश अनावेदिका माधुरी सिन्हा पत्नी जितेन्द्र कुमार सिन्हा का नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर आवेदिका एवं अन्य सहखातेदारों के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.04.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2023 को जारी किया जाता है ।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202303020700012**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
थोर प.ह.न. 00027 (है0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-भुनेश्वर राजवाड़े,
अनावेदक पक्षकार- जयशंकर साहू

ईश्तहार

आवेदक भुनेश्वर राजवाडे आ0 स्व0 मिठू राम, निवासी ग्राम थोर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्रामथोर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 272/8 रकबा 0.03 हे0 एवं खसरा नंबर 639/4 रकबा 0.080 हे0 भूमि त्रुटिवश अनावेदक जयशंकर साहू आ0 लक्ष्मण साहू के नाम पर दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि को सुधार करते हुये खसरा नंबर 272/8 रकबा 0.130 हे0 को सुधार कर खसरा नंबर 936/4 में से रकबा 0.028 हे0 को सुधार कर 639/4 रकबा 0.080 हे0 सुधार किये जाने हेतु आवेदन हे अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.04.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंच अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचारनहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)




# डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की करते हुए भारत बना बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी चैंपियन

**» भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट ड्रॉ**

**अहमदाबाद, 13 मार्च 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा व अंतिम टेस्ट सोमवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दोनों कप्तानों ने 78.1 ओवर के बाद आपसी सहमति से मैच ड्रॉ कराने का फैसला किया। भारतीय टीम ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से अपने नाम की।

अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और पहली पारी में 480 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी में 571 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 91 रन की बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 78.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 175 रन बना लिए थे, जब मैच ड्रॉ घोषित किया गया। ऑस्ट्रेलिया ने तकनीकी रूप से 10 मिनट पहले ही मैच ड्रॉ करने का फैसला लिया।

अब दोनों टीमों के बीच जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के श्रीलंका को पहले टेस्ट में मात देते ही भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की हो गई। यह लगातार दूसरा मौका है जब भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई हो।

**ऑस्ट्रेलियाई पारी का हाल**

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अपनी पारी 3/0 के स्कोर से आगे बढ़ाई। रविचंद्रन अश्विन ने मैथ्यू कुहनेमन (6) को जल्द ही एलबीडब्ल्यू आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। यहां से ट्रेविस हेड (90) और मार्नस लाबुशेन (63*) ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी (139 रन) करके भारतीय गेंदबाजों के हाथ से जीत का मौका छीन लिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले सत्र में टीम को कोई नुकसान नहीं होने दिया।

चायकाल से कुछ समय पहले अक्षर पटेल ने हेड को क्लीन बोल्ड करके उन्हें शतक बनाने से रोक दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 163 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 90 रन बनाए। इसके बाद लाबुशेन और स्टीव स्मिथ (10*) ने 22 रन की साझेदारी करके ड्रॉ की औपचारिकताएं पूरी की। भारत की तरफ से रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली।

# न्यूजीलैंड ने रोमांच से भरे टेस्ट में श्रीलंका को रौंदा

**» डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत को पहुंचाया**

**नई दिल्ली, 13 मार्च 2023।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने 2 विकेट से जीत दर्ज कर ली है। कीवी टीम की जीत से भारतीय टीम को बड़ा फायदा मिला है। टीम इंडिया ने इस जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

इस मैच में न्यूजीलैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम ने पहली पारी में कुसल मेंडिस और करुणारत्ना की अर्धशतकीय पारी के दम पर 355 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम ने पहली पारी में डैरिल मिचेल और टॉम लेथम की तूफानी पारी के दम पर 373 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में श्रीलंकाई टीम ने मैथ्यूज की शतकीय पारी के चलते कीवी टीम को जीत के लिए 285 रनों का टारगेट दिया था।







दरअसल, पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड टीम ने श्रीलंकाई टीम को विकेट से हराते हुए सीरीज में 1-0 से लीड हासिल कर ली है। इस लीड से साथ ही न्यूजीलैंड ने श्रीलंका टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर कर दिया है। बता दें कि दो मैचों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका को 2-0 से जीत हासिल कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में प्रवेश कर सकती थी, लेकिन पहले टेस्ट मैच में हार के बाद टीम का सपना चकनाचूर हो गया।

**केन विलियमसन ने जड़ा दमदार शतक**

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड टीम की तरफ से केन विलियमसन ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 191 गेंदों का सामना करते हुए 121 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 1छक्का शामिल रहे। उनके अलावा डैरिल मिचेल ने 86 गेंदों का सामना करते हुए 81 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें कल 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रे 94.18 का रहा।

वहीं, श्रीलंकाई टीम की तरफ से असिथा फर्नांडो ने 3 विकेट, तो प्रभात जयसूर्या ने 2 सफलता हासिल की। इसके अलावा कसुन रजिता और लहिरू कुमारा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

**न्यूजीलैंड की जीत से टीम इंडिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में किया प्रवेश**

इस मैच में न्यूजीलैंड की जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय टीम ने एंट्री कर ली है। मैच के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में भारतीय टीम के प्वाइंट्स में बदलाव हुआ है। मैच से पहले भारत 60.29 प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर विराजमान था।

लेकिन श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड मैच में कीवी टीम के जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया के प्रतिशत अंक में बदलाव हुआ है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के नतीजे आने के बाद भी भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में बदलाव देखने को मिल सकता है।



# मुंबई इंडियंस को एक और बड़ा झटका

**» अब झाय रिचर्डसन हुआ टीम से बाहर**

**» आईपीएल 2023**

**नई दिल्ली, 13 मार्च 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की शुरूआत 31 मार्च से होने जा रही है। इस लीग का इंतजार लोगों को काफी लंबे समय से था। जो अब कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। लेकिन लीग के शुरू होने से पहले ही मुंबई इंडियंस टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। अब ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन सीजन से बाहर हो गए हैं। इसके पहले बुमराह टीम से बाहर हो चुके है। बताया जा रहा है कि रिचर्डसन को हैमस्ट्रिंग की समस्या है। खबरों की माने तो यह तय था की ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को मुंबई इंडियंस की टीम के साथ जुड़ना था, लेकिन चोट के कारण वह नहीं जुड़ पाए हैं।इतना ही नहीं आपकों यह भी बता दे की भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जानें वाले वनडे सीरीज से भी वह बाहर हो गए हैं। वनडे सीरीज का आगाज 17 मार्च से दोनों टीमां के बीच होने जा रहा है।

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

**बर्मिंघम, 13 मार्च 2023।** चोट से वापसी कर रहे और खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए देश का इंतजार खत्म करने के लिए पूरे दमखम के साथ खेलना होगा।

किसी भारतीय खिलाड़ी को इस प्रतिष्ठित खिताब को जीते हुए 22 साल हो गये हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) ने महान प्रकाश पादुकोण (1980) का अनुसरण किया था और यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने थे।लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वे खिताब के सूखे को खत्म करने में विफल रहे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां इस बार भी मुश्किल होंगी। सेन और सिंधु दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी पर नये सत्र की खराब शुरुआत की है। दोनों मलेशिया और इंडिया ओपन में जल्दी बाहर हो गये थे।



विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सेन जर्मनी ओपन के पहले दौर में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से करारी शिकस्त के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं जबकि सिंधू अपने कोरियाई कोच पार्क ताए-संग कुछ सप्ताह पहले ही अलग हुई है।

सेन के सामने शुरुआती दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन की चुनौती होगी जबकि सिंधू को चीन की झांग यी मान से भिड़ेंगी।

शीर्ष रैंकिंग की पूर्व खिलाड़ी साइना नेहवाल के सामने शुरुआती दौर में चीन की हान यूई की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय में शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले नौवें स्थान के खिलाड़ी एचएस प्रणय से उलटफेर की उम्मीद होगी। प्रणय ने हाल ही में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में विश्व रैंकिंग के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया को हराया था।

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के वांग जू वेई के खिलाफ करेंगे जबकि पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे किदांबी श्रीकांत फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ उतरेंगे।

इस बार एकल वर्ग में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को वरीयता नहीं दी गई है ऐसे में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की छठी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी अपने अभियान को आगे तक ले जाना चाहेगी।सात्विक को जनवरी में इंडिया ओपन के दौरान कूल्हे में चोट लगी थी और वह इससे वापसी कर चिराग के साथ मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचे थे।

अन्य भारतीय में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष जोड़ी चीन के रेन शियांग यू और तान कियांग की जोड़ी से पहले दौर में भिडेगी।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने 2022 सत्र में सेमीफाइनल में पहुंच कर चौंकाया था और यह भारतीय जोड़ी इस बार अपने प्रदर्शन में और सुधार करना चाहेगी। उनके सामने पहले दौर में जोंगकोलफान किटीथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजई की थाइलैंड की जोड़ी होगी।

ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित जोड़ी और अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की महिला जोड़ी भी मैदान में है।

# मुंबई इंडियंस ने लगाया जीत का चौका

**» हरमनप्रीत कौर महेंद्र सिंह धोनी के खास रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंची**

**मुंबई, 13 मार्च 2023।** मुंबई इंडियंस की टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ शानदार जीत हासिल की है। महिला प्रीमियर लीग के 10वें मुकाबले में मुंबई ने यूपी को आठ विकेट से मात दी है। इस टूर्नामेंट में मुंबई इंडियंस ने धमाकेदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार चौथा मुकाबला जीतकर पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

मुंबई इंडियंस की टीम ने 13 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स की टीम को आठ विकेट से मात दी। यूपी वॉरियर्स ने 160 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे मुंबई ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने धमाकेदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीताया। उन्होंने 33 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उनका साथ नताली साइवर ने दिया, जिन्होंने 31 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाए। दोनं ने शानदार खेल दिखाते हुए 106 रन की पार्टनरशिप तीसरे विकेट के लिए की। हरमनप्रीत कौर की इस शानदार पारी की





बदौलत जहां टीम को जीत मिली है। वहीं उन्होंने नया मुकाम भी हासिल कर लिया है। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला प्रीमियर लीग की पहली कप्तान बनी हैं, जिन्होंने लगातार चार मुकाबलों में जीत हासिल की है। इससे पहले आईपीएल में सिर्फ चैन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ही ये कारनामा कर सके थे। महेंद्र सिंह धोनी के बाद अब हरमनप्रीत कौर भी लगातार चार मुकाबले जीतने वाले कप्तानों की खास सूची में शामिल हो गई है। आईपीएल में लगातार चार मुकाबलों में जीत का परचम लहराने वाली धोनी पहले कप्तान थे, जिनके बाद ये उपलब्धि हरमनप्रीत कौर हासिल कर सकी है।

**किस्मत ने बचाया विकेट**

मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच 12 मार्च को खेले गए मुकाबले में हरमनप्रीत कौर का विकेट तब भी नहीं गिरा जब गेंद स्टंप्स पर जाकर लगी। उनकी किस्मत थी कि स्टंप्स पर गेंद लगने के बाद भी वो आउट नहीं हो सकी क्योंकि बेल्स स्टंप्स से नीचे ही नहीं गिरे। ये घटना 11वें ओवर की है, जब यूपी की अंजली ने हरमन को ऐसी गेंद फेंकी जिसे वो खेल नहीं सकी। ये गेंद स्टंप्स पर लगी, जिसके बाद यूपी की टीम को लगा की हरमन आउट हो गई मगर बेल्स नीचे नहीं गिरे थे तो हरमन का विकेट नहीं गिरा। क्रिकेट के इतिहास में कभी कभी घटने वाली घटनाओं में ही इस विकेट का ना गिरना भी शामिल है।

# रणबीर कपूर ने एनिमल के लिए बनाए सिक्स-पैक



8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई रणबीर कपूर की तू झूठी मैं मक्कार बॉक्स ऑफिस बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। अब अभिनेता अपनी आगामी फिल्म एनिमल की तैयारी में जुट गए हैं। इस बीच रणबीर के फिटनेट ट्रेनर शिवोहम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें अभिनेता अपने सिक्स-पैक दिखते हुए नजर आ रहे हैं। रणबीर ने एनिमल के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने लिखाः आप जो देख रहे हैं वो असल में अनुशासित जीवनशैली, समर्पण और कड़ी मेहनत का उदाहरण है। ये एक टीम वर्क है और इस तरह के रिजल्ट आसानी से नहीं मिलते। इसके लिए जागने और हर चीज करने की जरूरत होती है। और यही बात आपको बाकी लोगों से अलग करती है। सुबह 4 बजे ट्रेनिंग सेशन, रात 11 बजे ट्रेनिंग सेशन या कभी-कभी शूटिंग के बीच में समय निकालते हुए रणबीर ने यह सब किया है।

# ओपन बटन शर्ट में जिनल जोशी ने दिए सेक्सी पोज

एक्ट्रेस जिनल जोशी ने हाल ही में अपनी फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया पर अदाकारा सिर्फ अपनी एक्टिंग से ही नहीं बल्कि अपनी बोल्ड तस्वीरों से भी फैंस को अपना कायल कर देती हैं। मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से बॉलीवुड की एक्ट्रेस को भी टक्कर देती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ओपन बटन चेक शर्ट और शॉर्ट्स पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही सेक्सी नजर आ रही हैं। जिनल जोशी आए दिन अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्रा पहने हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस जिनल जोशी इन तस्वीरों में काफी सिजलिंग और हॉट लग रही है। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक में अदाकारा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। बता दें कि अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार बरसाते हैं।



# टाइगर 3 की शूटिंग के बीच लीक हुई सलमान की तस्वीर

**एक्टर का अंदाज देख फैंस का एक्साइटमेंट होगा डबल!**

बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्मों को लेकर उनके फैंस बेसब्री से प्रतीक्षा करते हुए दिखाई देते है। वर्ष 2022 में सलमान खान की एक भी मूवी रिलीज नहीं हुई जिससे फैंस ज्यादा ही बेसब्र हो चुके है।




हालांकि, सलमान खान के फैंस के लिए वर्ष 2023 बहुत अच्छा साबित होने वाला है। दरअसल, सलमान खान की दो मूवी किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 (ञ्जद्बद्दद्गह्र 3) रिलीज होने जा रही है। इसी दौरान सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग से उनकी तस्वीरें लीक हो चुकी हैऔर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सलमान खान की ये तस्वीरें फैंस को डबल उत्साहित भी कर दी है। खबरों का कहना है कि, सलमान खान की मूवी टाइगर 3 की इस वक्त टर्की में शूटिंग चल रही है। वह अपनी मूवी के लिए एक्शन सीन शूट करने में बिजी है। इसी बीच कुछ सलमान खान की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं और इनको लेकर दावा किया जा रहा है कि ये मूवी टाइगर 3 की शूटिंग की हैं। इन तस्वीरों में सलमान खान अलग-अलग लोकेशन पर दिखाई दे रहे है। इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमैंट्स भी कर रहे है। सलमान खान की इन तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फैंस मूवी टाइगर 3 से जबरदस्त तरीके से एंटरटेन होने जा रहा है।












## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला



» आईपीएस समेत कई एएसपी, डीएसपी को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** आज सोमवार को बड़े पैमाने पर राज्य शासन ने पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना का आदेश भी जारी कर दिया है। गृह (पुलिस) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश में एक अफसर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी है बाकी 7 राज्य पुलिस सेवा के अफसर हैं। सभी अधिकारियों को एसीबी मुख्यालय, सिविल लाइन, उरला और विशेष शाखा में पोस्टिंग दी गई है।

### लाखों के इनामी नक्सलियों के साथ 4 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा, 13 मार्च 2023(ए)।** जिले में नक्सलियो के खिलाफ ऑपरेशन जारी है, सूचना पर गए सुरक्षा बल के जवानों ने एक लाख के इनामी समेत चार नक्सलियो को गिरफ्तार कर लिया। सभी से पूछताछ की गई और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियो की मौजूदगी की सूचना के बाद तोड़ामरका व एलमगुंडा इलाके की सर्चिंग करने संयुक्त पार्टी निकली। तोड़ामरका के जंगल मे घेराबंदी कर तीन नक्सलियो को पकड़ने में कामयाबी मिली।

# केंद्र के खिलाफ कांग्रेस का राजभवन घेराव

» सीएम भूपेश बोले किराए के घर में रहने वालों के घर छापा मारती है ईडी

» जो जहाज डूबने वाला है उससे पहले चूहे भागते हैं

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** केंद्र के खिलाफ आज सोमवार को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने राजभवन घेराव की। इस घेराव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव समेत सैंकड़ों की तादात में नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। कांग्रेस का ये प्रदर्शन पूरे देशभर में हुआ।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अडानी मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र को जमकर घेरा है। अंबेडकर चौक पर कांग्रेस की जनसभा हुई जिसमे सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र को जमकर घेरा। सीएम ने कहा जो किराए के घर में रहते हैं उनके घर पर ईडी छापा मारती है। जहां करोड़ों का घोटाला हुआ वहां ईडी नहीं जाती है। सीएम ने आगे कहा केंद्र ने सरकारी एजेंसियों पर




कब्जा किया हुआ है। एसबीआई और एल आईसी का पैसा अडानी को दे दिया गया है।

सीएम ने कहा कि हिंडनबर्ग क्या प्रकाशित हुआ दुनिया के दूसरे नंबर का अमीर आदमी गिरते-गिरते कौन से नंबर पर आ गया कि अब कोई पूछ नहीं रहा। आखिर उस पेपर में ऐसा क्या था कि जिसके आते ही शेयर मार्केट लगातार गिरता चला गया और दो बार बंद करना पड़ा। जब उनका शेयर गिर रहा है तो फिर भी उन्हें पैसा दिया जा रहा है, ये किसके इशारे पर दिया जा रहा है और क्यों दिया जा रहा है? जो जहाज डूबने वाला है उससे पहले चूहे भागते है फिर इंसान धीरे-धीरे बाहर आता है लेकिन इसमें और डालने वाला कौन है?

जो आदमी किराए के मकान में रहता है उसके यहां ईडी छापा मारती है लेकिन जहां करोड़ों रुपए छुपा है वहां ईडी नहीं जाएगी। सरकारी संस्थाओं को कब्जे में रख लिया गया है, लिया गया है। उन्हें जैसा निर्देश दिया जाता है वैसे-वैसे कार्रवाई होती है। एलआईसी का पैसा फंसा हुआ है, बैंकों का पैसा फंसा है क्यों इसकी जांच नहीं की जा रही इसी मुद्दे को लेकर ये घेराव किया जा रहा है।

# प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मरकाम ने अपनी ही सरकार को घेरा

» करोड़ों की गड़बड़ी का लगाया आरोप

» भाजपा विधायकों ने ली चुटकी

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** होली की छुट्टी के बाद सोमवार से एक बार फिर छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई शुरू हो गई है। बजट सत्र की कार्रवाई शुरू होते ही प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपनी ही सरकार को सवालों में घेरा। उन्होंने कोंडागांव में डीएमएफ फ ंड के बंटवारे में बंदरबांट करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने सवाल पूछा कि आरईएस निर्माण एजेंसी है तो कब से सरकार में सप्लाई का काम कर रही है। 7 करोड़ डीएमएफ के पैसे का बंदरबाट किया गया है। एक ही अधिकारी को बहुत से पद पर बैठाया गया है। मरकाम ने मंत्री रविंद्र चौबे से पूछा, क्या इसमें जांच कराएंगे। मरकाम को अपनी ही सरकार को घेरते देख




विपक्षी भाजपा विधायकों ने न सिर्फ चुटकी ली, बल्कि जमकर हंगामा करते हुए मंत्री का इस्तीफा भी मांगा। विपक्ष के सदस्य शिवरतन ने कहा कि खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आरोप लगा रहे हैं। मंत्री को इस पर त्याग पत्र दे देना चाहिए। वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में डीएमएफ में गड़बड़ी हो रही है। रविंद्र चौबे बोले कि मामला गंभीर है हम तो अध्यक्ष को धन्यवाद दे रहे हैं गंभीर मामले को उठाया।


वहीं बृजमोहन अग्रवाल ने कहा जो निर्माण एजेंसी है उसे क्रय करने का अधिकार है। क्या जो मरकाम जो कह रहे हैं 7 करोड़ का जांच करवाएंगे। इस पर चौबे बोले हां अधिकार है आपके समय का नियम है, कलेक्टर को अधिकार है जिसको नोडल एजेंसी बनाए। मैं नहीं समझ रहा कि 7 करोड़ का पूरा बंदरबांट हुआ होगा। राज्य स्तर के अधिकारी भेजकर जांच करवा लूंगा। धर्मजीत सिंह ने भी ली चुटकी - धरमजीत सिंह बोले कितने भय मुक्त होकर मरकाम बोल रहे हैं। अधिवेशन में फ ोटो नहीं लगाए। फि र हटने वाले हैं ये बयान दे दिए तो ऐसे सवाल तो पूछेंगे ही।

चौबे 7 करोड़ का मसला है मैंने कहा तीन साल की खरीदी का मामला है। कोंडागांव जागरुक जिला है, उसमें कोई आपत्ति नहीं है। राज्य के अफ सर से जांच कराने के निर्देश कर दूंगा। 1 महीने का टाइम लिमिट कर देता हूं, पुराने कार्यकाल के मसले हैं। 1 महीने में रिपोर्ट आएगी। अफ सरों पर भी कार्रवाई होगी।

## बेरोजगारों को 2500 रुपए भत्ता

**इस तारीख से मिलेगा बेरोजगारी भत्ता,आदेश जारी**

**रायपुर, 13 मार्च 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार बेरोजगारी भत्ता देने के लिए रोजगार विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। राज्य के बारहवीं पास बेरोजगारों को अप्रैल महीने से हर माह 2500 रुपए दिया जाएगा। एक साल में यदि नौकरी नहीं मिलेगी तो एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा।



हालांकि दो साल से ज्यादा बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान नहीं होगा। बेरोजगारी भत्ते के लिए वे युवा ही पात्र होंगे, जिनके परिवार की वार्षिक आमदनी ढाई लाख से कम हो। एक परिवार से एक ही व्यक्ति को भत्ता दिया जाएगा जो 1 अप्रैल से देय होगा। हां यदि सरकारी या निजी किसी भी नौकरी का ऑफर मिलने के बाद भी नौकरी ठुकराने वाले अपात्र हो जाएंगे। पात्र युवा छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। उम्र 18 से 35 साल होगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास हो। आवेदक के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। एक परिवार में सिर्फ एक को ही बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।

# मंत्री शिव डहरिया का निवास घेरने निकले भाजपाइयों की पुलिस से साथ झूमाझटकी

**जमकर नारेबाजी**

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** जिले के आरंग मेंभारतीय जनता पार्टी ने मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत आरंग के पुराना मंडी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आरंग विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी उपस्थित रहे।

इसके बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ता आरंग स्थित मंत्री शिव डहरिया के निवास का घेराव करने पैदल ही निकल पड़े।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल तैनात था। बस स्टैंड के पास तीन लेयर में




बैरिकेडिंग की गई थी। भाजपा कार्यकर्ता पहला बेरिकेड्स को तोड़ने में सफल रहे, लेकिन टीन-शेड से बने बेरिकेड्स के पास भारी संख्या में मौजूद पुलिस जवानों ने उन्हें रोक लिया। फिर क्या था प्रदर्शनकारी जमीन पर ही बैठकर नारेबाजी करने लगे और प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम आरंग एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

## बाइक में नाग की सवारी

» देखने वालों की फटी रह गई आंखें

**कांकेर, 13 मार्च 2023(ए)।** गाड़ियों में सांप घुस जाने की कई ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इन वजहों से गाडी चालकों की जान हलक में अटक जाती है। सांप गर्मी या बरसात से बचने के लिए कभी कार के भीतर या मोटर साइकिल के भीतर घुस जाते हैं। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के आरंग जिले से सामने आया है जहां एक मोटरसाइकिल के अंदर से नाग निकलने की घटना सामने आई है। पूरा मामला आरंग के रसनी गांव है। दरअसल, मोटरसाइकिल के पैनल बोर्ड में एक दूध नाग सांप घुस गया। यहां मोबाइल दुकान के सामने खड़े मोटरसाइकिल के मीटर पैनल बोर्ड से अचानक एक सफेद दूधिया नाग सांप निकला हुआ दिखाई दिया। इसे देखकर मोटरसाइकिल चालक और आसपास खड़े लोग काफी डर गए।



रायपुर वन विभाग को इस पूरे मामले की जानकारी दी। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद सांप को पकड़ा और उसे जंगल में ले जाकर छोड़ा। पूरी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में और वहां खड़े लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

## राज्यपाल के अभिभाषण से छेड़छाड़

» विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा बोले-इतिहास में यह पहली घटना है

**रायपुर, 13 मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर छेड़छाड़ के मुद्दे पर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा। शून्यकाल के दौरान अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल ने आरोप लगाया कि राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन ने जो अभिभाषण पढ़ा है, उसमें छेड़छाड़ की गई है।

उन्होंने सीएम भूपेश बघेल और संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे पर विशेषाधिकार हनन का आरोप लगाया। इसे लेकर विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष से भी जोरदार शोर-शराबा शुरू हो गया और सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल के दौरान अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल ने आरोप लगाया कि




राज्यपाल हरिचंदन ने जो अभिभाषण पढ़ा, उसमें छेड़छाड़ की गई है। हिंदी में जो कॉपी बांटी गई है और राज्यपाल ने अंग्रेजी में जो भाषण पढ़ा, उसमें अंतर है।

विपक्ष ने कहा कि अब तक के इतिहास में यह पहली घटना है। आरक्षण के बारे में अंग्रेजी में एक लाइन और हिंदी में बढ़ा-चढ़ा कर बनाई गई लाइन जोड़ी गई है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्यपाल के साथ धोखा हुआ है। यह राज्यपाल के अभिभाषण का अपमान है। राज्यपाल ने जो बोला वही कॉपी वितरीत नहीं की गई, बल्कि लाइन बदली गई है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मूल बात विधानसभा में गलत करने की कोशिश की गई है। आज तक के विधानसभा के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

विधानसभा का अपमान हुआ है। इससे बड़ा फ्रॉड नहीं हो सकता। विपक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद सत्ता पक्ष के भी सदस्य खड़े हो गए। सदन में शोर-शराबे की वजह से कार्यवाही कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी।

# बिलासपुर के सीवरेज का मुद्दा सदन में गूंजा

» डूबने से बच्चे की हुई थी मौत

» शैलेष पांडेय व धर्मजीत सिंह ने उठाया मामला

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज एक बार फिर से बिलासपुर सीवरेज का मुद्दा गूंजा। शून्यकाल में विधायक धर्मजीत सिंह, शैलेष पांडेय ने इस मुद्दे को उठाया। नेताद्वय ने कहा कि बिलासपुर का सीवरेज जी का जंजाल बन गया है। आये दिन इस सीवरेज की वजह से दुर्घटनाएं होती रही है। पिछले दिनों ने 17 साल के एक बच्चे की सीवरेज के लिए बनाये गये गड्ढे में डूबकर मौत हो गयी। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सीवरेज के लिए जहां-जहां गड्ढे किये गये हैं, वहां सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिये। इस मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ-साथ कलेक्टर और कमिश्नर को निर्देशित करने की मांग की गयी, कि गड्ढे के आसपास सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाये।



वहीं बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय इस मामले को उठाते कहा कि आये दिन सीवरेज की वजह से बिलासपुर में हादसे होते रहते हैं। अब तक कई लोगों की सीवरेज की वजह से मौत भी हो गयी है। विधायक पांडेय ने इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पिछले दिनों 17 साल के एक लड़के की मौत पर पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा देने की मांग की। शैलेष पांडेय ने कहा कि सीवरेज परियोजना बिलासपुर में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। अब तक इसकी टेस्टिंग भी पूरी नहीं हो सकी है। जगह-जगह सीवरेज के नाम पर गड्ढे खोद दिये गये हैं, जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उन्होंने पिछले दिनों हुई 17 साल के लड़के की मौत पर दुख जताया। योजना में जाँच की माँग और अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्यवाही की माँग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने जांच के निर्देश दिये, जिसके बाद मंत्री रविंद्र चौबे ने इस प्रकरण में जांच की घोषणा की। घटना को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को मामला संज्ञान में लेने के लिए निर्देशित किया, जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री श्री रविंद्र चौबे ने जाँच की घोषणा की। आपको बता दें कि बिलासपुर के तोरवा में आदित्य वैष्णव नाम के बच्चे की सिवरेज में डूबने से मौत हुई है।

## 4 संविदा अधिकारियों से छीने गए आर्थिक अधिकार

» मंत्री रविंद्र चौबे ने सदन में दी जानकारी

» कार्यवाही पर दिया ये जवाब

**रायपुर, 13 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने सोमवार को सदन में यह स्वीकार किया कि चार संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए गए थे जो अब उनसे छीन लिए गए हैं। हालांकि उन्होंने नियम के विपरीत वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार देने वाले अधिकारी पर कार्यवाही से इंकार कर दिया।

प्रश्नकाल के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने जल संसाधन विभाग में संविदा नियुक्ति का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि विभाग में कितने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिंटेंडेंट



इंजीनियर और चीफ इंजीनियरों के पद पर संविदा नियुक्ति दी गई है। मंत्री चौबे ने बताया कि जल संसाधन विभाग में 1 मार्च की स्थिति में 2 सब इंजीनियर, 16 असिस्टेंट इंजीनियर, 3 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और 6 सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर के पद पर संविदा नियुक्ति दी गई है।

मंत्री ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार संविदा नियुक्ति दी जाती है। बृजमोहन ने पूछा कि क्या संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए जाते हैं तो मंत्री ने कहा कि संविदा अधिकारियों को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार नहीं दिया जा सकता।बृजमोहन ने पूछा कि क्या विभाग में संविदा में नियुक्त किसी अधिकारी को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिया गया है? मंत्री ने बताया कि सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रामास्वामी नायडु, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अशोक कुमार तिवारी, आरपी शुक्ला और असिस्टेंट इंजीनियर एलएल देवांगन को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार थे। उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार ले लिए गए हैं। बृजमोहन ने पूछा कि जिन अधिकारियों ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए थे, उन पर क्या कार्रवाई करेंगे? इस पर मंत्री ने कहा कि कार्यवाही की कोई जरूरत नहीं है।

# नौकरी नहीं तो वोट नहीं

» प्रेरक कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर, 13 मार्च 2023 (ए)।** प्रेरक कर्मचारियों ((ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता के लिए लोगों को पढ़ाने वाले) ने नौकरी की मांग करते हुए बूढ़ा तालाब धरना स्थल पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना देते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महानदी के पानी को हाथ में लेकर सौगंध खाई कि यदि राज्य सरकार उन्हें नौकरी नहीं देगी तो आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट नहीं देंगे।आंदोलन के बीच प्रेरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने पानी लेकर सामूहिक रूप से सभी प्रेरक संघ के लोगों को कसम दिलाई कि नौकरी के बाद ही कांग्रेस को वोट देंगे। अपनी मांग को दोहराते हुए कहा की सरकार को जल्द से जल्द प्रेरकों को शिक्षा और पंचायत विभाग में नौकरी, अन्य सरकारी विभागों की नौकरी में प्रेरकों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए।



# कंडरा परिवार को मिलना है 15 सौ बांस सरकार दे रही 50

» ध्यानाकर्षण में बृजमोहन ने किया सवाल

**रायपुर, 13 मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बांस के समान जैसे सुपा, टोकनी, पर्रा आदि बनाने वाले रायपुर के 3000 बांसोड़ (कंडरा) परिवारों के जीवन यापन से जुड़ा मुद्दा उठाया। इस ध्यानाकर्षण सूचना की चर्चा में विधायक शिवरतन शर्मा और पुन्नूलाल मोहले ने भी हिस्सा लिया।

**बांस के मुद्दे पर घिरे वन मंत्री**

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते बांस के सामानों के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े रायपुर जिले के 3000 से अधिक कंडरा परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वन विभाग द्वारा खाता धारी कंडरा परिवार के लोगों को बांस उपलब्ध नहीं करा रही है इसलिए वे अपना पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने मजबूर हैं। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी शासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही।

**रायपुर के 3000 कंडरा परिवारों की आजीविका**

कंडरा समाज के लोगों को विभाग




द्वारा बही दी गई है जिसमें समाज के लोगों को 1 साल में 1500 बांस देने का प्रावधान है। परंतु पिछले 4 सालों से इन्हें इनके हक का बांस भी नही मिल रहा। बीते साल तो कई परिवारों को 50 बांस तक नहीं दिए गए।

उन्होंने कहा कि रायपुर में कंडरा समाज के 3000 परिवार निवासरत है लेकिन 750 को ही बही दी गई है। शेष परिवार लगातार बही प्रदान करने की मांग कर रहा है। परंतु सरकार उनकी मांग को नजरअंदाज कर रही है। इसी प्रकार कई परिवारों में मुखियाओं के निधन के बाद बही परिवार के सदस्य के नाम स्थानांतरित होना चाहिए परंतु यह कार्य भी नहीं हो रहा है।

कंडरा समाज के लोगों को आज ठेकेदारों से बांस खरीदना पड़ रहा है जिसकी कीमत कई गुना अधिक होती है। विभाग की लापरवाही के चलते यह समाज अपने पुश्तैनी धंधे को आगे बढ़ाने में नाकाम है और इनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई है।

इस ध्यानाकर्षण के जवाब में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा की डीपो में उपलब्धता के आधार पर ही बास प्रदान किया जा रहा है। बहस के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि जितना मिलना चाहिए उतना बांस नहीं दिया जा रहा है। नया बही प्रदान किए जाने के संबंध में उन्होंने कहा की कुल 24 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं जिस पर कार्यवाही की जा रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)